# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024






# हरिभूमि रण भूमि
## लोकसभा
## सत्ता संग्राम-2024



छत्तीसगढ़ की महासमुंद लोकसभा सीट से राइट टू रिकॉल पार्टी के प्रत्याशी चंपालाल पटेल गुरुजी धरतीपकड़ मैदान में हैं। यह उनका 22वां चुनाव है। वे हर चुनाव में इस तरह हारे हैं कि जमानत जब्त हो गई, लेकिन चंपालाल को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। वे कहते हैं कि चुनाव लड़ने में आनंद आता है, इसलिए लड़ता हूं। बार-बार चुनाव मैदान में उतरते हुए उन्होंने खुद अपने नाम के आगे धरतीपकड़ जोड़ रखा है।

### महासमुंद सीट से प्रत्याशी हैं चंपालाल धरतीपकड़

# छत्तीसगढ़ के 'धरतीपकड़', इन्हें है चुनाव का चस्का कहते हैं- आनंद आता है, इसलिए बार-बार लड़ता हूं

## 22वां चुनाव लड़ रहे, सभी में हो चुकी है जमानत जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चंपालाल पटेल ने चुनाव लड़ने की शुरुआत अब से 37 साल पहले की थी। इस बार जब वे महासमुंद लोकसभा सीट से प्रत्याशी हैं। इससे पहले वे पांच बार लोकसभा, सात बार विधानसभा के लिए खल्लारी सीट से उतर चुके हैं। इसके अलावा जिला पंचायत का चुनाव लड़े, तीन बार सरपंच का चुनाव, अपने समाज के प्रदेश अध्यक्ष पद पर तीन बार, और समाज के जिला अध्यक्ष का चुनाव भी तीन बार लड़ चुके हैं।

**नौकरी छोड़ी, मुफ्त में पढ़ाते हैं ट्यूशन**

चंपालाल जब चुनाव के मैदान में होते हैं तो उनके नाम के साथ धरतीपकड़ शब्द जुड़ा होता है, लेकिन सामान्य तौर पर वे अपने खल्लारी क्षेत्र में गुरुजी के नाम से पहचाने जाते हैं। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने हरिभूमि से कहा कि बीकॉम तक की पढ़ाई की है। पूर्व में वे पंचायत सचिव थे, लेकिन बाद में ये नौकरी छोड़ दी। इसके बाद से वे अपने गांव में ही बच्चों के मुफ्त में ट्यूशन पढ़ाने का काम करते है। खुद के पास पांच एकड़ खेती की जमीन है। खेती-किसानी से परिवार चलता है। खास बात ये भी है कि खेती काम भी वे अकेले ही करते हैं।





### पहली बार किसी पार्टी से प्रत्याशी

*21 बार अलग-अलग चुनावों में बिना किसी दल का साथ लिए निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले चंपालाल पहली बार राइट टू रिकॉल पार्टी के बैनर पर मैदान में हैं। उनका ये दावा भी है कि लोकसभा क्षेत्र में एक लाख कार्यकर्ता तैयार कर चुके हैं। साथ ही ये दावा भी है कि महासमुंद से 11 लाख वोट पाकर जीतेंगे। उनका ये कहना भी है कि मतदाता मालिक है। चाहे तो वह मालिक बना सकता है या भिखारी।*

## आमने/सामने

### कांग्रेस के पास न दूल्हा न बाराती : साव



*लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के कुछ ही दिन शेष हैं। कांग्रेस के बड़े नेताओं का दौरा अब तक तय नहीं होने पर तंज कसते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, कांग्रेस पार्टी में चारों तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है। भाजपा यह चुनाव 11-0 के स्कोर से जीतेगी। कांग्रेस के पास न दूल्हा है न बाराती।*

### हमारे पास दूल्हा और बाराती दोनों : बैज



*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, हमारे पास दूल्हा भी है और बाराती भी है। कवासी लखमा से बड़ा कोई दूल्हा हो सकता है क्या? कांग्रेस का घोषणापत्र देखकर भाजपा बौखला गई है, इसलिए जहां भी राष्ट्रीय नेता जा रहे हैं, कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। भाजपा डरी हुई है, इसलिए ऐसे बयान दे रही है।*

## अधीर का पैदल मार्च



**मुर्शिदाबाद।** कांग्रेस उम्मीदवार अधीर रंजन चौधरी रविवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बरहामपुर में चुनाव प्रचार करते हुए। अधीर के विरुद्ध टीएमसी ने यहां से प्रसिद्ध क्रिकेटर युसूफ पठान को मैदान पर उतारा है।

## अनंतनाग से लड़ेंगी महबूबा आजाद से सीधा मुकाबला





### कश्मीर में गुपकार अलायंस अब पूरी तरह ख़त्म

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गुपकार अलायंस अब पूरी तरह ख़त्म हो गया है। 2019 में बने गुपकार गठबंधन के 2 प्रमुख दल नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों पर अपने-अपने उम्मीदवार उतार रहे हैं। इसी क्रम में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने फ़ैसला लिया है कि अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से पार्टी की प्रमुख और पूर्व सीएम महबूबा मुफ़्ती चुनाव लड़ेंगी। महबूबा पहले भी अनंतनाग से सांसद रह चुकी हैं। जम्मू-कश्मीर के एक और पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस से निकले नेता ग़ुलाम नबी आज़ाद भी अनंतनाग लोकसभा सीट से ही चुनाव लड़ रहे हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने रविवार को घाटी में तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। अनंतनाग-राजौरी सीट पर लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

### नेशनल कॉन्फ्रेन्स को दिखाएंगे ताक़त

महबूबा मुफ़्ती ने कहा कि उन्हें दुख इस बात का है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने उनसे बिना किसी सलाह के अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। इससे पीडीपी के कार्यकर्ता काफी निराश हैं। यही कारण है कि हम नेशनल कॉन्फ्रेन्स को अपनी ताक़त दिखाएंगे। महबूबा मुफ़्ती ने अनंतनाग और राजौरी पुंछ के लोगों से कहा कि वह पीडीपी को मजबूत करें और जम्मू-कश्मीर के मुद्दों को लोकसभा में उठाने का अवसर दें।

### विधानसभा में फिर सरकार बनाने की रणनीति के साथ राजग

# अरुणाचल में सियासी वर्चस्व की जंग में भाजपा व कांग्रेस

*अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा और 60 विधानसभा सीटों के लिए एक साथ 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है। दोनों लोकसभा सीटों के साथ विधानसभा में पिछले एक दशक से अरुणाचल प्रदेश में बही सियासी हवा में भाजपा ने अपना वर्चस्व कायम किया है। चीन से सटे देश के सबसे छोटे अरुणाचल प्रदेश में इससे पहले कांग्रेस की राजनीति हावी रही है। इस बार के चुनाव में अरुणाचल में सियासी वर्चस्व की जंग मंण जहां भाजपा के लिए अपने जनाधार को कायम रखने की चुनौती है, वहीं वहीं कांग्रेस अपने पुराने सियासी किले को फतेह करने का प्रयास होगा।*

ओ.पी. पाल ▶▶| नई दिल्ली

चीन की दखलंदाजी के केंद्र में शुमार अरुणाचल प्रदेश आबादी घनत्व के लिहाज से देश का सबसे छोटा राज्य है। अरुणाचल में केवल दो लोकसभा सीटें हैं, जिनमें अरुणाचल ईस्ट और दूसरा अरुणाचल वेस्ट हैं और दोनों सीटों पर जहां पहले कांग्रेस का दबदबा रहता था। लेकिन पिछले दो चुनाव में भाजपा ने जनाधार कायम करके इन सीटों पर भाजपा ने अपना वर्चस्व कायम कर लिया। इस बार के चुनाव में भाजपा इन दोनों सीटों पर हैट्रिक बनाने की चुनावी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है। कांग्रेस इस बार इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव में नई रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है, लेकिन चीन के हस्तक्षेप को कूटनीतिक तरीके भाजपानीत केंद्र सरकार की रणनीतियों के सामने विपक्षी गठबंधन को चुनावी वैतरणी को पार करना एक कठिन डगर नजर आ रही है। फिर भी यहां राजग व महागठबंधन में वर्चस्व की चुनावी जंग होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### करीब 9 लाख मतदाता

पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में 8,82,816 मतदाता अपने सांसदों व विधायकों को चुनेंगे। अरुणाचल प्रदेश में दो लोकसभा और 60 विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव के लिए 2,226 मतदान केंद्र बनाएं गये हैं। राज्य में मुक्तो विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 18-लुगुथांग लगभग 13,383 फीट की ऊंचाई पर स्थित देश का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र है। देश में अरुणाचल प्रदेश जनसंख्या घनत्व के लिहाज से सबसे छोटा राज्य है, जिसका घनत्व महज 17 है। इस राज्य की आबादी 2011 की जनसंख्या के अनुसार 13,83,727 है।




### पिछले चुनाव के नतीजे

*पूर्वोत्तर राज्य की अरुणाचल प्रदेश वेस्ट लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी किरण रिजिजू ने सबसे ज्यादा 62 फीसदी वोट लेकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की थी। जबकि अरुणाचल प्रदेश ईस्ट लोकसभा सीट पर सर्वाधिक 52 फीसदी मत के साथ भाजपा के ही तापिर गाओ ने भी अपनी जीत को दोहराया था। अरुणाचल में भाजपा व कांग्रेस के अलावा क्षेत्रीय दल पीपीए, एनपीपी, एनपीईपी के अलावा जदयू, एनसीपी जैसे दल भी अपनी किस्मत आजमाते रहे हैं, लेकिन चुनाव मुकाबले में ज्यादातर भाजपा व कांग्रेस ही रही है।*

### क्या है जातीय समीकरण

अरुणाचल प्रदेश में सबसे ज्यादा 30.26 फीसदी ईसाई धर्म की आबादी है। जबकि हिंदू आबादी करीब 29 प्रतिशत है, जिसमें 26 फीसदी डोनी-पोलो को मानते हैं। इस राज्य में 12 प्रतिशत के करीब बौद्ध धर्म से जुड़े लोग रहते हैं। जबकि पूर्वोत्तर के इस राज्य में मुस्लिम आबादी महज 2 फीसदी के करीब है। इसके अलावा इस राज्य में भाषाएं भी अलग अलग बोली जाती हैं, जिसमें 9 फीसदी बंगाली और करीब 8 फीसदी नेपाली और 6 फीसदी हिंदी भाषा बोली जाती है। जबकि आमतौर पर यहां 17.57 फीसदी लोग अदि भाषा बोलते हैं।

### विधानसभा चुनाव दस विधायक निर्विरोध निर्वाचित

अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा की दो सीटों के साथ 60 विधानसभा सीटों के लिए भी 19 अप्रैल को चुनाव होना था, लेकिन मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत दस विधायकों के सामने कोई प्रत्याशी न होने के कारण उन्हें निर्विरोध चुन लिया गया है। अरुणाचल प्रदेश में एकमात्र अनारक्षित विधानसभा सीट बोरदुमसा-दियुन है, जहां 19,756 मतदाता हैं। अब अरुणाचल प्रदेश की 50 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होना है।

### नवादा में बोले पीएम मोदी

# 'टुकड़े-टुकड़े गैंग वाली है कांग्रेस की मानसिकता'

एजेंसी ▶▶| नवादा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राजस्थान में चुनाव प्रचार के दौरान आर्टिकल 370 को निरस्त करने के संबंध में की टिप्पणी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, "कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। वह कहते हैं कि आर्टिकल 370 का राजस्थान से क्या लेना-देना है। यह टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता है। उनके विचार राजस्थान और बिहार के सुरक्षाकर्मियों का अपमान हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राण गंवाए और उनके शव तिरंगे में लिपटे हुए वापस आए।



### कांग्रेस का घोषणापत्र मुस्लिम लीग जैसा

प्रधानमंत्री ने कहा- तीन तलाक प्रथा के खिलाफ अपनी सरकार के कदम का भी जिक्र किया और कहा, "कांग्रेस हाल ही में एक घोषणापत्र लेकर आई है जो ऐसा प्रतीत होता है मानो यह मुस्लिम लीग का घोषणापत्र हो. इसमें तुष्टिकरण की बू आती है।, "कांग्रेस, बिहार में उसकी सहयोगी आरजेडी और विपक्षी गुट 'इंडिया' के अन्य घटक संविधान के बारे में केवल बातें ही करते हैं।

### जाति जनगणना के बाद राहुल गांधी का नया चुनावी वादा

# सत्ता में आए तो कराएंगे 'संपत्ति के बंटवारे' का सर्वे

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के 'जितनी आबादी उतना हक' नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएगी कि देश की अधिकतर संपत्ति पर किसका नियंत्रण है। कांग्रेस का घोषणापत्र जारी करने के बाद हैदराबाद में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के अलावा वेल्थ सर्वे (संपत्ति के बंटवारे का सर्वेक्षण) कराया जाएगा, यह हमारा वादा है।



### 90 फीसदी आबादी के पास कोई हिस्सेदारी नहीं

राहुल गांधी ने कहा कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की संख्या देश की कुल आबादी का 90 फीसदी है। उन्होंने कहा, 'लेकिन, आप उन्हें नौकरियों में नहीं देखेंगे। सच्चाई यह है कि इस 90 फीसदी आबादी के पास कोई हिस्सेदारी नहीं है।' कांग्रेस नेता ने आगे कहा, '90 आईएएस अधिकारी हैं जो देश का प्रशासन चलाते हैं। लेकिन उनमें से केवल 3 ओबीसी, 1 आदिवासी और 3 दलित हैं।

## कई नामवर लोगों को हराया है चुनावों में महिलाओं ने

# जब महिलाओं ने दी सियासी दिग्गजों को पटकनी, मनवाया

*आजादी के बाद से देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के लिए अब तक हो चुके 16 चुनाव में भले ही आधी आबादी को आधी भागीदारी न मिल पाई हो। उत्तर प्रदेश में यह हिस्सेदारी चौथाई से भी कम हो, पर सियासी अखाड़े में झंडा फहराने वालों में यूपी से सांसद चुनी गईं महिलाएं पीछे नहीं रहीं। उन्होंने सियासी अखाड़े के बड़े पहलवानों को पटकनी देकर अपना लोहा मनवा दिया। इनमें विजय लक्ष्मी पंडित, शिवराजवती नेहरू, सुभद्रा जोशी सहित कई नाम प्रमुख हैं*

### सुभद्रा व शिवराजवती से हार गए अटल

लखनऊ की बात करें तो यहां से पहली सांसद विजय लक्ष्मी पंडित के संयुक्त राष्ट्र के लिए चुने जाने के बाद उपचुनाव हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री और कांग्रेस के नेता जवाहरलाल नेहरू ने परिवार की ही सदस्य शिवराजवती नेहरू को चुनाव लड़ाया। जनसंघ से उनका मुकाबला करने अटल बिहारी वाजपेयी उतरे, पर शिवराजवती ने उन्हें पराजित कर दिया। 1962 में कांग्रेस ने बलरामपुर में अटल बिहारी वाजपेयी के सामने सुभद्रा जोशी को उतारा। वाजपेयी को पराजय का सामना करना पड़ा।



### मीरा कुमार ने पासवान को दी पटकनी

वर्ष 1985 में बिजनौर लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने मीरा कुमार को उतारा। लोकदल से उनके सामने थे रामविलास पासवान। कांटे का मुकाबला हुआ। सभी को लग रहा था कि मीरा कुमार हार जाएंगी, लेकिन जब मतपेटिकाएं खुलीं तो उल्टा हुआ, पासवान हार गए।

### इंदिरा की जीत पर विवाद और फिर लगा आपातकाल

इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थीं। उन्होंने कम समय में ही सियासत में दबदबा बना लिया। विपक्ष से राजनारायण भी उस समय बड़ा नाम हो चुके थे। वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में इन्हीं दोनों के बीच रायबरेली का चुनावी अखाड़ा सजा। इंदिरा गांधी ने राजनारायण को पटकनी दे दी। हालांकि इसी चुनाव को आधार बनाकर राजनारायण ने इंदिरा गांधी की जीत को चुनौती देते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिस पर अदालत ने इंदिरा के चुनाव को रद्द कर दिया। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगा दिया। आपातकाल के बाद हुए चुनाव में कमला बहुगुणा ने फूलपुर में रामपूजन पटेल जैसे बड़े नेता को पराजित किया।

### सोनिया गांधी से हारे कटियार

*भले ही नेहरू परिवार की बहू होने के कारण सोनिया गांधी बड़ा चेहरा बन चुकी थीं, पर मंदिर आंदोलन से सियासी संसार में आए विनय कटियार भी उस समय तक छोटा नाम नहीं रहे थे। रायबरेली में 2006 में उपचुनाव था। भाजपा ने विनय कटियार को मैदान में उतारा ताकि सोनिया को टक्कर दी जा सके, पर कटियार जीत नहीं पाए।*

### फूलन देवी से हार गए मस्त

फूलन देवी सियासत में नई थीं। सपा ने 1996 में उन्हें मिर्जापुर से चुनावी अखाड़े में उतार दिया। पूर्वांचल में भाजपा के कद्दावर चेहरे वीरेंद्र सिंह मस्त मिर्जापुर से सांसद थे। वीरेंद्र की जीत में किसी को आशंका नहीं थी, पर फूलन के हाथों उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा।



### आजम के विरोध के बाद भी जीतीं जया प्रदा

फिल्म अभिनेत्री जया प्रदा 2004 में आजम खां के सहयोग से रामपुर से सांसद चुनी गईं, पर बाद में दोनों में ठन गई। सपा ने 2009 में भी जया को प्रत्याशी बनाया तो आजम ने उनका खुलकर विरोध किया। लोगों को लग रहा था कि रामपुर में आजम का विरोध जया को जीतने नहीं देगा, पर उन्होंने विजयी होकर दिखा दिया। मौजूदा चुनाव में आजम के सामने जया बतौर भाजपा उम्मीदवार मोर्चा ले रही हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, सोमवार 8 अप्रैल 2024


# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस समाप्ति की ओर, भूपेश, ताम्रध्वज विकास लड़ना नहीं चाहते थे, इन पर चुनाव थोपा गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

आठ बार के विधायक और प्रदेश के शिक्षा मंत्री, रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का कहना है, कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। चाहे वो भूपेश बघेल हों, ताम्रध्वज साहू हों या फिर विकास उपाध्याय, इनमें से कोई भी चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे। पार्टी ने इन सभी पर चुनाव थोपने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में तो अब समाप्त होने की तरफ है और देश में कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है। इसलिए सभी पार्टी छोड़कर भाजपा में आ रहे हैं। पेश हैं हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के मंत्री श्री अग्रवाल से चुनावी संवाद में बातचीत के अंश।

■ *बृजमोहन अब लोकसभा के प्रत्याशी हो गए, लोग जो आ रहे हैं, वो क्या कहने के लिए आ रहे हैं?*

■ पहले भी कई बार ऐसे कयास चले कि मैं लोकसभा का चुनाव लड़ूं। मुझे लगता है कि 2013 के चुनाव में तो मुझे लगभग लोकसभा का प्रत्याशी बनाना तय कर लिया गया था, वो भी महासमुंद से, लेकिन मैं चुनाव नहीं लड़ा। लेकिन अब मुझे रायपुर लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। मैं पार्टी का एक कार्यकर्ता हूं, मुझे पार्टी से जो निर्देश मिलते हैं, उसका मैं पालन करता हूं। लोग मुझे 8 बार से विधायक के रूप में देख रहे हैं, पांच बार से मंत्री के रूप में देख रहे हैं। कार्यकर्ता ज्यादातर लोकसभा, विधानसभा में अंतर नहीं समझते हैं। कार्यकर्ताओं को लगता है कि भैया अब तो दिल्ली चले जाएंगे, हमारा क्या होगा? जो समझदार हैं, उनको लगता है, भैया को अब बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। मैंने सात चुनावों में लोकसभा का संचालन किया है, यह चुनाव भी मेरे लिए नया नहीं है। मुझे भी ऐसा लगता है कि विधानसभा और लोकसभा में कोई ज्यादा अंतर नहीं है।

**रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद**



■ *आपके चाहने वाले आपको सीएम के तौर पर देखना चाहते थे, उनके अरमान तो पूरे नहीं हुए और अब बृजमोहन जी दिल्ली का रास्ता पकड़ रहे हैं, बेचैनी तो हो रही होगी?*

■ बेचैनी नहीं है, लोग ये मानते हैं, बृजमोहन जहां रहेंगे, जैसे भी रहेंगे, वे अपने तरीके से ही काम करेंगे। जनता का प्रेम मेरे लिए सबसे बड़ा है। लोग चुनाव लड़ते हैं, उनके प्रति प्रेम कम हो जाता है, लेकिन मेरे लिए जनता का प्रेम लगातार बढ़ता रहा है।

■ *पार्टी को ऐसी क्या जरूरत पड़ गई जो बृजमोहन जी को दिल्ली भेजना पड़ रहा है, सुनील सोनी का टिकट काट दिया गया?*

■ पूरे देश में मोदी जी के प्रति वातावरण है, इस बार 400 सीटें पार करना है। छत्तीसगढ़ की राजधानी की सीट से एक हवा और वातावरण बनता है। मुझे लगता है, पार्टी ने जो नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने और 400 पार सीटों का लक्ष्य रखा है, उसके कारण मुझे मैदान में उतारा है।

■ *विधानसभा में 68 हजार मतों से जीतने ने तो कहीं दिल्ली जाने के लिए बाध्य नहीं कर दिया?*

■ बाध्य नहीं किया है, सब रणनीति के तहत किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव में सांसदों को चुनाव लड़वाया गया। अब लोकसभा चुनाव में विधायकों को चुनाव लड़वाया जा रहा है। पार्टी को जब जिनकी जो उपयोगिता समझ आती है, उसके हिसाब से पार्टी निर्णय करती है।

■ *आपको नहीं लगता है कि पार्टी ने फैसला लेने में थोड़ी देर कर दी, अगर दिल्ली ही भेजना था तो थोड़ा पहले फैसला करते?*

■ मैं कभी इस मामले में विचार नहीं करता हूं। पार्टी ने जो फैसला किया है, सोच-समझकर ही किया होगा।

■ *पहले लोकसभा का चुनाव लड़वाते थे, अब लड़ रहे हैं, क्या फर्क देखते हैं?*

■ विधानसभा चुनाव लड़ता रहा हूं तो लड़ने में कोई दिक्कत नहीं है। लड़ने ▸▸ शेष पेज 2 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 स्कोर बोर्ड

मुंबई 234/5 vs दिल्ली 205/8

29 रन से जीती मुंबई

39* रन, 1 विकेट : रोमरियो शेफर्ड

प्लेयर ऑफ द मैच

लखनऊ 163/5 vs गुजरात 130/10

33 रन से जीती लखनऊ

5 विकेट : यश ठाकुर

प्लेयर ऑफ द मैच

आज का मैच

चेन्नई vs कोलकाता

समय : शाम 7.30 बजे

## प. बंगाल में छापे के दौरान एनआईए की टीम पर हमला

# एनआईए टीम पर एफआईआर, सियासी सरगर्मी, मोदी ने ममता सरकार को घेरा

*पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में एनआईए की रेड के दौरान अधिकारियों की टीम पर हमले के बाद सियासत एक बार फिर गर्म हो गई है। इस घटना को संदेशखाली 2 का नाम दिया जा रहा है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसको लेकर ममता सरकार को घेरा है तो ममता सरकार हमलावरों के साथ खड़ी है। इसी बीच तृणमूल कांग्रेस के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी ने एनआईए के अधिकारियों के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज कराई है।*

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

टीएमसी नेता की पत्नी मोनी जना ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। उन्होंने बताया, एनआईए अधिकारियों पर मारपीट करने का आरोप लगाने संबंधी एक महिला की शिकायत मिलने के बाद हमने ▸▸ शेष पेज 2 पर

■ टीएमसी नेता की पत्नी ने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज कराया केस



### कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा नहीं था

एनआईए ने दो साल पुराने विस्फोट के एक मामले में छापेमारी और गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को पुरजोर तरीके से खंडन किया। एनआईए के एक प्रवक्ता ने विस्फोट मामले में छापेमारी और गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोपों को खारिज कर दिया।



### ममता बोलीं- अफसरों पर नहीं महिलाओं पर हमला हुआ

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि एनआईए के अफसरों पर हमला नहीं हुआ है, बल्कि उन्होंने ही महिलाओं पर हमला किया। एनआईए अफसरों ने रात में रेड क्यों की? क्या उनके पास पुलिस की परमिशन थी? लोगों ने वैसे ही बर्ताव किया, जैसा रात में किसी भी अनजान व्यक्ति के आने पर किया जाता।

### क्या है मामला

पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर ईस्ट के भूपतिनगर में 5 अप्रैल की रात एनआईए की टीम पर हमला हुआ। इस दौरान एक अफसर को चोटें भी आई हैं। भूपतिनगर में एनआईए टीम के सामने लोग लाठी-डंडे लेकर अड़ गए। एनआईए की टीम ने जब आरोपियों को ले जाने की कोशिश की, तो लोगों ने उनका विरोध किया। लोगों ने एनआईए की गाड़ी पर पथराव किया।

### मोदी बोले-भ्रष्ट नेताओं को बचाना चाहती है टीएमसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार और हिंसा की खुली छूट चाहती है। यही वजह है कि इस तरह के मामलों की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसियों को राज्य में हमलों का सामना करना पड़ता है। मोदी की टिप्पणी एक दिन पहले एनआईए की एक टीम पर शनिवार को भीड़ द्वारा कथित तौर पर हमले के बाद आई है। मोदी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस सरकार बंगाल में लूटपाट और आतंक के लिए खुली छूट चाहती है। अपने जबरन वसूली करने वाले और भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए टीएमसी केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हमले करवाती है, जब वे यहां काम करते हैं। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस कानून और देश के संविधान की अवहेलना कर रही है। पश्चिम बंगाल में 'तृणमूल कांग्रेस का सिंडिकेट राज' होने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि राज्य में स्थिति ऐसी है कि अदालत को विभिन्न मामलों में हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। संदेशखालि में हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने लोगों को आश्वासन दिया कि इस जघन्य अपराध के दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा।

## सीएम साय रहेंगे मौजूद

# पीएम मोदी की आज बस्तर के छोटे आमाबाल में आमसभा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छत्तीसगढ़ में पहली आमसभा सोमवार को कोंडागांव के भानपुरी के गांव छोटे आमाबाल में 12 बजे से होगी। इस सभा में भारी भीड़ जुटाने की भाजपा ने पूरी तैयारी की है। सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ ही मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, ओपी चौधरी, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी भी रहेंगे। प्रदेश का भाजपा संगठन प्रधानमंत्री की प्रदेश में पांच सभाएं चाहता है, लेकिन पीएमओ से कितनी सभाओं को मंजूरी मिलती है, सबकुछ उस पर निर्भर है। दूसरे चरण के चुनाव के लिए एक सभा धमतरी में भी कराने की तैयारी है। संभावना है कि इसको भी जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। ▸▸ शेष पेज 2 पर

### हर संभाग में सभा कराने की तैयारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान के पहले कोंडागांव के भानपुरी के छोटे आमवाल में सभा होगी। श्री मोदी की एक और सभा धमतरी में कराने की तैयारी है। इस सभा में कांकेर के साथ महासमुंद और राजनांदगांव के भी प्रत्याशी मंच पर रहेंगे। इन तीन लोकसभाओं में ही दूसरे चरण में चुनाव होना है। इस सभा की अभी मंजूरी नहीं मिली है, लेकिन संभावना है कि जल्द ही इसकी मंजूरी ▸▸ शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### बंद फाटक तोड़ चलती ट्रेन से टकराई कार

**अनूपपुर।** मप्र अनूपपुर जिले में एक कार बंद रेलवे फाटक को तोड़ते हुए चलती ट्रेन से टकरा गई। इससे कार चालक की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा शनिवार आधी रात के आसपास जैथारी इलाके में हुआ। कार चालक की पहचान नरेन्द्र वर्मा के रूप में हुई है, उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य व्यक्ति घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को पटरी से हटाया गया।

### बस पलटने से चार की मौत

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक में बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही एक निजी बस के होलालकेरे शहर के पास रविवार तड़के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुई। करीब 30 लोग जख्मी हुए हैं जिनमें से आठ की हालत नाजुक है। घायलों को होलालकेरे ताल्लुक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि शव मुर्दाघर भेजे गए हैं। इस मार्ग पर अक्सर हादसे होते हैं जिसके लिए लोगों ने अवैज्ञानिक तरीके से सड़कों के निर्माण को जिम्मेदार बताया है।

## आप नेताओं का प्रदर्शन

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में सामूहिक अनशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता रविवार को यहां जंतर-मंतर पर एक दिवसीय अनशन पर बैठे। आप नेताओं ने भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगाया। पार्टी के कई कार्यकर्ता और समर्थक एक दिवसीय अनशन में शामिल हुए। उन्होंने देशभक्ति के गीत गाए और सलाखों के पीछे केजरीवाल की तस्वीर दिखाने वाले पोस्टर लहराए।

### आतिशी ने भाजपा पर लगाया आरोप

दिल्ली की मंत्री अतिशी ने भाजपा पर तानाशाही करने का आरोप लगाया और दावा किया कि आप का एक दिवसीय अनशन भाजपा की रातों की नींद उड़ा देगा। उन्होंने दावा किया कि केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोगों में गुस्सा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और कई मंत्री स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के गांव खटकर कलां में सामूहिक अनशन में शामिल हुए हैं।

# एंबुलेंस में छिपाकर ले जा रहे थे सवा दो करोड़ का गांजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र के पटपर चौक में पुलिस ने ओडिशा से भारी मात्रा में गांजा एंबुलेंस में छिपाकर तस्करी कर रहे दो अंतराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 752 किलोग्राम गांजा, अनुमानित कीमत 2 करोड़ 25 लाख बरामद कर वारदात में प्रयुक्त एंबुलेंस जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने यहां संदिग्ध एंबुलेंस क्र. सीजी 04 ▸▸ शेष पेज 2 पर

■ भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के पटपर चौक पेट्रोल पंप के पास पकड़े गए तस्कर



### पड़ोसी राज्यों में सप्लाई

ओडिशा से एंबुलेंस के माध्यम से बड़े पैमाने पर गांजा तस्करी कर मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश में किए जाने का भी खुलासा हुआ है। बताया गया कि तस्कर ओडिशा से सस्ते दर पर गांजा लेकर तस्करी करते हैं और इन राज्यों में महंगे दामों में बेच देते हैं। तस्करी के लिए वे अक्सर बलौदाबाजार–भाटापारा मार्ग का उपयोग करते हैं। ओडिशा से सारंगढ़–बिलाईगढ़, गिधौरी, कसडोल, बलौदाबाजार होते हुए भाटापारा पहुंचते हैं और यहां से अन्य राज्यों की ओर रवाना हो जाते हैं।

# चारधाम यात्रा के लिए आज से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए बड़ा अपडेट सामने आया है। यूपी, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों से केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों पर जाने वाले यात्री अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। चारधाम



यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को 8 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू होने जा रही है।

### तैयारियों में आई तेजी

चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थनगरी ऋषिकेश में तैयारियां तेज हो गई हैं। यात्रियों के लिए संयुक्त यात्रा बस ट्रांजिट कंपाउंड के भवनों का रंगरोगन किया जा रहा है। पंजीकरण केंद्र में भी यात्रियों के लिए आवश्यक इंतजाम जुटाए जा रहे हैं।


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2024

Empowering students for a brighter future

VETERINARY & AGRICULTURE UG PROGRAMMES
- Bachelor of Veterinary Science and Animal Husbandry (B.V.Sc. & A.H.)
- B.Sc. (H) Agriculture

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC & VCI
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Accredited by ICAR
- Ranked in QS World Rankings 2024

NIRF INDIA RANKINGS 2023
- 15th Best in University Category
- 16th Best in Medical Category
- 09th Best in Dental Category

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in


## सुबह 4 बजे से 9 बजे तक कर सकते हैं माता के दर्शन

# साल में सिर्फ 5 घंटे के लिए खुलता है निरई माता का मंदिर, महिलाओं के लिए प्रवेश वर्जित





गोरेलाल सिन्हा ▸▸ गरियाबंद

अलग खबर

गरियाबंद में ऐसे कई मंदिर है, जो अपने आप में कई रहस्य समेटे हुए है। इन रहस्यों के कारण ही ये मंदिर दुनिया-भर में प्रसिद्ध है। यहां महिलाओं के लिए भी कई खास नियम बनाए गए हैं। मंदिर में महिलाओं को प्रवेश और पूजा-पाठ की इजाजत नहीं है। यहां सिर्फ पुरुष ही पूजा-पाठ ▸▸ शेष पेज 2 पर



### पहले रविवार को माता निरई में लगता है जात्रा

निरई माता में प्रदेश भर के लोग आस्था रखते हैं। मां निरई अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती। मनोकामना पूरा होने पर माता निरई में बकरे की बलि देने दूर- दूर से भक्त यहां आते हैं। हर साल हजारों बकरे की बलि माता निरई में देते है। ▸▸ शेष पेज 2 पर

### अपने आप ही प्रज्ज्वलित होती है ज्योति

निरई माता की विशेषता यह है कि निरई माता मंदिर में हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान अपने आप ही ज्योति प्रज्जवलित होती है। यह चमत्कार कैसे होता है, यह आज तक पहेली ही बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह निरई देवी का ही चमत्कार है कि बिना तेल के ज्योति नौ दिनों तक जलती रहती है।

## चिंतन

# केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रति दुर्भावना ठीक नहीं

एक बहुदलीय लोकतंत्र में केंद्र और राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनना सामान्य बात है। पहले भी ऐसी सरकारें रही हैं और तमाम सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टियां अपने राजनीतिक हितों का ख्याल भी रखती रही हैं, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ऐसा क्या हो गया कि केंद्र और राज्यों पर अगल-अलग दलों की सरकार होने पर तकरार पैदा होने लगी है। छोटे-छोटे मुद्दों पर राज्य व केंद्र आमने सामने होने लगे हैं। लगातार देखने में आ रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को लेकर अनेक खासकर विपक्षी राज्य खासे मुखर है। एक समय तो ऐसा आया कि देश के दस राज्यों ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की राज्य में नो इंट्री का ऐलान कर दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते उन्हें नरम होना पड़ा। सीबीआई और ईडी के एक्शन से नाराज 14 राजनीतिक दलों के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। उसमें बिहार से आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड से सीएम हेमंत सोरेन और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया कि सेंट्रल एजेंसियों की जांच नहीं रोकी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट जाने वालों में अधिकतर वैसे दल शामिल थे, जिसके नेता या कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे थे। उनके खिलाफ अदालतों ने सेंट्रल एजेंसियों से जांच की सिफारिश की है। केंद्र सरकार भी सुप्रीम कोर्ट में साफ कर चुकी है कि सीबीआई पूरी तरह से स्वतंत्र होकर काम करती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से राज्य सरकारें चुप तो हैं, लेकिन विरोध को दूसरा तरीका सामने आ रहा है। बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर से गिरफ्तार टीएमसी नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि एनआईए की टीम ने जांच के बहाने जबरन उनके घर में घुसने की कोशिश की। महिला ने अधिकारियों पर मारपीट, बदतमीजी और घर में तोड़फोड़ का आरोप भी लगाया है। लोकल पुलिस ने जांच एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया है। घटना 5 अप्रैल देर रात की है। एनआईए की टीम कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर भूपतिनगर में 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने पहुंची थी। तृणमूल कांग्रेस के नेता बलाई चरण मैती और मनोब्रत जना केस के दो मुख्य साजिशकर्ता बताए जा रहे हैं। जब जांच टीम आरोपियों को गिरफ्तार कर ले जाने लगी तो लोग लाठी-डंडे लेकर उनके सामने अड़ गए। लोगों ने अधिकारियों की गाड़ी पर पथराव किया। हमले में एक अफसर को चोटें भी आईं। अगर राज्यों में केंद्रीय जांच एजेंसियों से इस तरह का व्यवहार किया जाएगा तो संघीय ढांचा कैसे कार्य कर पाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसियों को जांच के लिए कोर्ट या राज्य अथवा केंद्र सरकार ने ही कहा है। सामान्य भाव यही है कि चोर या भ्रष्टाचारी पकड़ा जाना चाहिए। हां, थोड़ा-बहुत संदेह तब तक बरकरार रहता है, जब तक दोष न सिद्ध हो जाए। विपक्षी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार के इशारे पर सीबीआई और ईडी विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करती हैं। इसके लिए जांच एजेंसियों को कार्यप्रणाली में भी बदलाव की जरूरत है। एजेंसी को राज्य सरकारों को विश्वास में लेकर अपराध को खिलाफ मोर्चो खोलना होगा। जहां तक बात राज्य सरकारों की है तो उन्हें समझना चाहिए कि जांच एजेंसियां किसी पार्टी की न होकर देश की धरोहर हैं। ये हो सकता है कि कुछ मामलों में राज्य सरकारों को उनसे परेशानी हो, लेकिन इससे जांच प्रभावित नहीं होनी चाहिए। हर दोषी का सलाखों के पीछे होना बहुत जरूरी है।

## सारा संसार



तमिलनाडु के कोयंबटूर शहर के केंद्र में स्थित है; श्री अय्यप्पन मंदिर एक महत्वपूर्ण मंदिर है जो भगवान श्री अयप्पा को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि इसे 20 वीं शताब्दी के मध्य में एक ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया था।

## चुनाव

शिशिर शुक्ला



# ताकि बेदाग रहे लोकतंत्र

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है- जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। ये वो अवसर होता है जब जनता को अपने दृष्टिकोण एवं राय को वोटो में तब्दील करते हुए शासन की बागडोर संभालने के लिए नए चेहरों को चुनने का मौका मिलता है। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से 5 प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं जबकि तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक एवं तकलीफदेह रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। इन सभी सवालों का जवाब देश के हर नागरिक को अपने आप से करना चाहिए क्योंकि ऐसे कलंकयुक्त चेहरों को ऊपर उठाने के लिए देश की जनता भी एक बड़ी हद तक जिम्मेदार है। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है। किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है। सवाल यह है कि क्यों सर्वोच्च स्तर से ऐसे नियम नहीं बनते कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जो अपराध से किसी भी तरह का ताल्लुक रखता है, किसी भी चुनाव में प्रत्याशी बनने का अधिकारी नहीं होगा। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है। ये सवाल ऐसे हैं जिनका जवाब ढूंढने की कोशिश करने पर कारणों की न जाने कितनी तहें खुल जाएंगी और न जाने कितना वक्त लगेगा। पांच वर्ष अथवा एक निश्चित समय के बाद लोकतंत्र का महापर्व इसलिए आता है कि इसके बहाने जन सामान्य की समस्याओं, जरूरतों, सुझावों एवं विचारों पर एक उद्देश्यपूर्ण चर्चा हो सके। और एक योग्य प्रतिनिधि का चयन किया जा सके। जब तक यह अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इसका उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

(लेखक स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में भौतिकी विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्वास्थ्य

डॉ. ए.के. अरुण

# सेहत के लिए उपवास बहुत खास

उपवास का न केवल शरीर के बल्कि मन के विकारों को दूर करने पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ता है। विकारग्रस्त व्यक्ति का व्यक्तित्व तक बदलने लगता है। वक्त का तकाजा है कि हम उपवास को गंभीर रोगों के उपचार में भी आजमाएं। उपवास शरीर के फायदे के लिए समय मांगता है और यह समय आपको न केवल रोगमुक्त कर सकता है बल्कि आपको दीर्घायु भी बना सकता है। भारत में उपवास संस्कृति में शामिल है। ऑटोफैगी (उपवास) के चिकित्सकीय फायदे पर शोध के लिए जापानी कोशिका जीवविज्ञानी योशिनोरी ओहसुमी ने 2016 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिला था। अच्छी सेहत के लिए उपवास बहुत खास है।

अभी रमजान रोजा चल रहा है, नवरात्र आने वाले हैं। इस दौरान व्रत या उपवास का चलन है। उपवास न केवल सांस्कृतिक अनुष्ठान है, बल्कि यह चिकित्सा भी है। जैसे संतुलित व सही आहार औषधि है, ठीक वैसे ही उपवास भी औषधि है। धार्मिक विषय मानकर उपवास की उपेक्षा करता रहा विज्ञान अब उसमें रोगमुक्ति और दीर्घायु-प्राप्ति की चमत्कारिक क्षमताएं देखने लगा है। लगभग सभी धर्मो में किसी न किसी बहाने उपवास रखने की परंपरा है। इस्लाम हो या हिंदू धर्म किसी न किसी बहाने इन सभी में उपवास एक महत्वपूर्ण क्रिया है। विडंबना तो यह है कि कथित आधुनिक वैज्ञानिक ही नहीं, अपने आधुनिक जीवन-दर्शन पर गर्व करने वाले प्रायः हम सभी लोग, व्रतों-उपवासों को पुरातनपंथी या अंधविश्वासी प्रथाएं मान लेते हैं। बहुत कम लोगों को पता है कि रूस में उपवास से चिकित्सा का सरकारी अस्पताल है।

रूस के अंतहीन विस्तारों वाले साइबेरिया में 10 लाख की जनसंख्या वाला बुर्यातिया एक स्वायत्तशासी 'गणतंत्र' है। 1995 से वहां उपवास द्वारा बीमारियां ठीक करने का एक प्रसिद्ध अस्पताल विभिन्न बीमारियों के हज़ारों रोगियों का इलाज़ कर चुका है। अस्पताल गोर्याचिंस्क नाम के जिस सुरम्य शहर है में है, वह बुर्यातिया की राजधानी उलान-ऊदे से क़रीब 250 किलोमीटर दूर मीठे पानी की संसार की सबसे बड़ी झील बाइकाल के पूर्वी तट पर बसा है। रूस में दूर-दूर से आए ऐसे लोगों का, जो आधुनिक मंहगी चिकित्सा पद्धति से निराश हो चुके हैं, वहां सरकारी ख़र्चे पर इलाज किया जाता है। उपवास, बौद्ध धर्मियों के बहुमत वाले बुर्यातिया की स्वास्थ्य नीति का अभिन्न अंग है। वहां के स्वास्थ्य मंत्री स्वयं भी उपवास-प्रेमी हैं। गोर्याचिंस्क में उपवास की जिस उपचार विधि का प्रयोग किया जाता है, उसे भूतपूर्व सोवियत संघ वाले दिनों के कम्युनिस्ट शासनकाल में, चार दशकों के दौरान, हज़ारों लोगों पर आजमा कर विकसित किया गया था। इस खोज की कहानी मास्को में मानसिक रोगों के उपचार के अस्पताल 'कोज़ाकोव क्लीनिक' से शुरू होती है। इस अस्पताल के मनोरोग चिकित्सक डॉ. यूरी निकोलायेव का सामना एक दिन अवसादग्रस्त एक ऐसे रोगी से हुआ, जो कुछ भी खाने से मना कर रहा था। डॉ. निकोलायेव ने भी ज़ोर-ज़बरदस्ती करने के बदले उसे भूखा ही रहने दिया। उन्होंने पाया कि पांच दिनों के उपवास के बाद उस रोगी का अवसाद अपने आप घटने लगा था। उसकी आंखें भी अब खुली रहती थीं। दसवें दिन बिस्तर से उठकर वह चलने-फिरने भी लगा, हालांकि अब भी मौन रहता था। 15वें दिन उसने पहली बार अपने बिस्तर के पास रखे सेब का रस पिया और हवाखोरी के लिए कमरे से बाहर भी गया। धीरे-धीरे वह दूसरे लोगों से हिलने-मिलने लगा। अंततः वह पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर चला गया। डॉ. निकोलायेव के लिए इस अनोखे अनुभव का अर्थ था कि यह मनोरोगी स्वैच्छिक उपवास से ही ठीक हुआ था। यानी, उपवास द्वारा मनोरोग ठीक किए जा सकते हैं। उन्होंने इस दिशा में और आगे जाने का निश्चय किया। सफलता आशातीत रहीं। मरीजों की कतार लंबी



होती गई। डॉ. निकोलायेव ने डिप्रेशन से लेकर शिज़ोफ्रेनिया, फोबिया या ऑब्सेसिव कम्पल्सिव डिसऑर्डर/ सनकपूर्ण शंका-विकार जैसे रोगों से पीड़ितों का उपवास द्वारा सफल उपचार किया। वे उनसे 25 से 30 या 40 दिनों तक उपवास करवाते थे।

समस्या यह थी कि उस समय के दूसरे डॉक्टर भूखा रखकर किसी बीमार को ठीक करने की डॉ. निकोलायेव की उपचारविधि के मर्म को समझ नहीं पा रहे थे। अतः उनका उपहासपूर्ण विरोध होने लगा। अपने आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए डॉ. यूरी निकोलायेव ने एक ऐसी व्यापक शोध-परियोजना शुरू की, जिसने रूसी चिकित्सा विज्ञान में एक नया अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने सैकड़ों लोगों के उपचार से पहले, उपचार के दौरान और उसके बाद उनकी शारीरिक तथा जैव रासायनिक क्रियाओं को जानने के लिए हार्मोन-स्तर मापे, मस्तिष्क लेखी के द्वारा मस्तिष्क में होने वाले परिवर्तनों को देखा-परखा और सारे आंकड़ों का अध्ययन-विश्लेषण किया। सभी अध्ययनों ने उपवास के दौरान रोगियों के शरीर में हुए परिवर्तनों और उनके मानसिक स्वास्थ्य में आए सुधारों के बीच सीधा संबंध दिखाया। डॉ. निकोलायेव और 18 वर्षों तक उनके सहयोगी रहे डॉ. वालेरी गुर्बिच ने पाया कि 'उपवास का न केवल शरीर के, बल्कि मन के विकारों को दूर करने पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ता है। विकारग्रस्त व्यक्ति का व्यक्तित्व तक बदलने लगता है। उन्हें कोई संदेह नहीं रह गया था कि अवसाद का दूर हो जाना, कई दिनों के उपवास के अनेक अनुकूल शारीरिक प्रभावों के साथ-साथ, एक बहुत ही उपयोगी मानसिक प्रभाव है, जिसकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। डॉ. निकोलायेव ने अपने समय के सोवियत स्वास्थ्य मंत्रालय को जब इस बारे में सूचित किया, तो मंत्रालय को उनकी खोज पर विश्वास नहीं हुआ। मंत्रालय ने 1973 में कई डॉक्टरों की एक जांच समिति गठित की। जांच समिति ने उपवास की उपयोगिता मानी, दोनों ने 'रोगोपचारी उपवास' के बारे में तब तक कुछ नहीं सुना था। उनसे कहा गया कि उन्हें शरीर के पाचनतंत्र में पाए जाने वाले तरह-तरह के बैक्टीरियों से लेकर कोशिकाओं में होने वाली चयापचय क्रिया और रोगप्रतिरोधक तंत्र तक सभी महत्वपूर्ण क्रियाओं तथा प्रणालियों पर उपवास के प्रभावों का पता लगा कर डॉ. निकोलायेव के निष्कर्षों के साथ तुलना करते हुए अपना निर्णय बताना है। समिति ने डॉ. निकोलायेव के निष्कर्षों की पुष्टि से आगे जाते हुए विभिन्न बीमारियों वाले उन लक्षणों और प्रति लक्षणों की एक सूची भी तैयार की, जो उपवास द्वारा उपचार के उपयुक्त या अनुपयुक्त समझे गए। इस सूची के अनुसार श्वसन तंत्र के रोगों, हृदय और रक्त संचार की बीमारियों, उदर और आंत्र विकारों, अंतःस्त्रावी ग्रंथियों के रोगों, पाचन तंत्र वाले अवयवों की बीमारियों, जोड़ों और हड्डियों की बीमारियों तथा चर्मरोगों के प्रसंग में रोग उपचार उपवास की अनुशंसा की जा सकती है। समिति ने उपवास के अनुपयुक्त बीमारियों की सूची में कैंसर, तपेदिक (क्षय रोग/टीबी), मधुमेह टाइप-1(डायबिटीज), चिरकालिक यकृतशोथ (क्रॉनिक हेपेटाइटिस), आनुवंशिक घनास्त्रता (जेनेटिकल थ्रोम्बोसिस/रक्त वाहिका में रक्त का थक्का जम जाना), क्षुधा-अभाव (अनॉरेक्सी/दुबलेपन की लत) और थायराइड ग्लैंड की अतिसक्रियता को गिनाया। वक्त का तकाजा है कि हम उपवास को गंभीर रोगों के उपचार में भी आजमाएं ।

उपवास शरीर के फायदे के लिए समय मांगता है और यह समय आपको न केवल रोगमुक्त कर सकता है बल्कि आपको दीर्घायु भी बना सकता है। भारत में उपवास संस्कृति में शामिल है। ऑटोफैगी (उपवास) के चिकित्सकीय फायदे पर शोध के लिए जापानी कोशिका जीवविज्ञानी योशिनोरी ओहसुमी ने 2016 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिला था। अच्छी सेहत के लिए उपवास बहुत खास है।

(लेखक होमियोपैथिक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर



संकलित

## दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।

# गणेश विनायक जी की कथा




संकलित

## प्रेरणा

एक गाँव में माँ-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गाँव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। माँ ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गाँववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैंने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या माँगू? अन्न माँगू या धन माँगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत माँगू या महल माँगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत

पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि भ्रष्टाचार मुक्त और सशक्त देश के निर्माण के लिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को आगे आना चाहिए और यदि युवा राजनीति में शामिल होंगे तो राजनीति में गतिशीलता आएगी। आम चुनाव का मौसम शुरू हो रहा है। लोकतंत्र में मतदान एक ऐसा शस्त्र है जिसके द्वारा आम जनता शांतिपूर्वक तरीके से सरकार की पुनर्स्थापना या इसे बदल सकती है। लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए मतदान संजीवनी का काम करता है। सोच- समझकर अपने मत का प्रयोग किया जाए तो पांच वर्ष तक पछताना नहीं पड़ता।

- **मनोज जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### दर्द का दिन



सात अक्टूबर का दिन इजराइल और दुनिया के लिए दर्द का दिन है। हमास द्वारा फैलाए गए आतंक को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता। मैं एक बार फिर यौन हिंसा, यातना और नागरिकों के अपहरण की निंदा करता हूं और सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई का आह्वान करता हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार



140 देश अपने संविधान में स्वास्थ्य को मानव अधिकार के रूप में मान्यता देते हैं। फिर भी, अरबों लोगों के लिए यह अधिकार पहुंच से बाहर है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हम सभी से मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार का दावा करने का आह्वान करते हैं!

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### उपकरण सुख का आधार नहीं



समय, ऊर्जा और साधनों के सही उपयोग द्वारा समाज को अधिकतम लाभान्वित करने के उद्देश्य की संपूर्ति अध्यात्मपरक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही संभव है। यांत्रिकीय उपकरण कभी भी मानवीय सुख का आधार नहीं हो सकते। इसलिए समष्टि के कल्याण की भावना मूलआधार हो ।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी



इस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। युवा नौकरी खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और हम जनसांख्यिकीय दुःस्वप्न की ओर देख रहे हैं। 12 आईआईटी में, हमारे लगभग 30% छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

## करंट अफेयर

# मेक्सिको ने इक्वाडोर से राजनयिक संबंध तोड़े

इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति को गिरफ्तार करने के लिए मेक्सिको के दूतावास में पुलिस के प्रवेश करने के बाद मेक्सिको सरकार ने इक्वाडोर के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए हैं। इक्वाडोर की पुलिस ने शुक्रवार देर रात राजधानी क्विटो में मेक्सिको दूतावास के मुख्य द्वार को तोड़कर जॉर्ज ग्लास को गिरफ्तार कर लिया, जो दिसंबर से वहां रह रहे थे। भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद ग्लास ने दूतावास में राजनीतिक शरण मांगी थी। दूतावास में पुलिस के बलपूर्वक प्रवेश करने की घटना के विरोध में मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मेन्युल लोपेज ओबराडोर ने शुक्रवार शाम इक्वाडोर से राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा की।



वहीं, मेक्सिको के विदेश मंत्री ने कहा कि इक्वाडोर के इस कदम को हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। शनिवार को, ग्लास को क्विटो में अटॉर्नी जनरल के कार्यालय से बंदरगाह शहर गुआयाकिल ले जाया गया, जहां वह उच्च सुरक्षा वाली जेल में रहेंगे। ग्लास की वकील सोनिया वेरा ने बताया कि पुलिस अधिकारी पूर्व उपराष्ट्रपति के कमरे में घुस गए और जब उन्होंने गिरफ्तारी का विरोध किया तो उन्हें 'फर्श पर गिरा दिया तथा उनके सिर, पैर, हाथों पर लात मारी गई और उन्हें खींचकर बाहर ले जाया गया।'

## ऑफ बीट

# मध्यम आयु वर्ग के लोग अकेलेपन से अधिक पीड़ित

अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'अमेरिकन साइकोलॉजिस्ट' में प्रकाशित एक हालिया शोध में खुलासा हुआ है कि मध्यम आयु वर्ग के अमेरिकी अपने



यूरोपीय समकक्षों की तुलना में अकेलेपन की समस्या से अधिक पीड़ित हैं। हमारी टीम के अध्ययन ने अकेलेपन को लेकर एक ऐसी प्रवृत्ति की पहचान की है जो कई पीढ़ियों से बढ़ रही है, और यह प्रवृति 'बेबी बूमर्स' (1946-1964 के बीच जन्मे लोग) और 'जेन एक्स' (1965-1980 के बीच जन्मे लोग) दोनों ही आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित करती है। इंग्लैंड और भूमध्यसागरीय यूरोप में मध्यम आयु वर्ग के वयस्क लोग अकेलेपन की समस्या से पीड़ित होने के मामले में अमेरिकी नागरिकों से बहुत पीछे नहीं हैं। इसके विपरीत, महाद्वीपीय और नॉर्डिक यूरोप में मध्यम आयु वर्ग के वयस्कों में अकेलेपन से पीड़ित होने के मामलों की संख्या में समय के साथ गिरावट आई है। हमने अपने शोध में 2002 से 2020 तक अमेरिका और 13 यूरोपीय देशों के मध्यम आयु वर्ग के 53,000 से अधिक वयस्कों पर किए गए सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग किया। हमने इन वयस्कों में 45 वर्ष से 65 वर्ष की मध्यम आयुवर्ग में हर दो साल में अकेलेपन की समस्या को लेकर उनके नजरिये में हुए बदलाव के आंकड़े जुटाए।

**हमारा पता**

हरिभूमि कार्यालय

रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर

फोन: 401050,271016,फैक्स-271018

ई-मेल: **haribhoomibsp@gmail.com**

वेब-साइट: **www.haribhoomi.com**

बिलासपुर

सोमवार 8 अप्रैल 2024

चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी

वर्ष : 24, अंक : 15

पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4 .00***


मौसम

अधि. 30.4

न्यून. 25.4


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 मुंबई की पहली जीत दिल्ली की चौथी हार





विचार पेज

सेहत के लिए उपवास बहुत खास


# मां विंध्यवासिनी के दरबार में प्रज्ज्वलित होगी मोदी, योगी और शाह के नाम पर ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

मां विंध्यवासिनी के मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से ज्योति प्रज्ज्वलित होगी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम पर भी पंजीयन कराया गया है। इसके अतिरिक्त कनाडा और पोलैंड से भी श्रद्धालुओं ने ज्योति के लिए पंजीयन कराया है। देवी आराधना का पर्व नवरात्रि कल से शुरू होने जा रही है। इसके लिए देवी मंदिरों में विशेष तैयारी की गई है। देवी मंदिरों में शाम के वक्त मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इस साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुभचिंतकों ने उनके नाम से भी माता के दरबार में ज्योति कलश के लिए पंजीयन करवाया है। नरेंद्र मोदी के नाम से 613, अमित शाह के नाम से 614 और योगी आदित्यनाथ के नाम से 615 नम्बर की ज्योतिकलश का पंजीयन किया गया है। इन राजनेताओं के नाम से ज्योतिकलश का पंजीयन कराने वाले शुभचिंतक ने अपना नाम गुप्त रखा है। इसके अतिरिक्त कनाडा के एक श्रद्धालु ने 28 नम्बर और पोलैंड ▶▶|शेष पेज 2 पर

हरिभूमि खास

| | |
|---|---|
| प्रधानमंत्री | 613 |
| गृहमंत्री | 614 |
| योगी | 615 |

नंबर की ज्योति कलश का हुआ पंजीयन





### 13 को पंचमी, 16 को महाष्टमी

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार ने बताया कि नवरात्रि पर मां विंध्यवासिनी मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंचमी 13 अप्रैल को तथा 16 अप्रैल को महाष्टमी मनाई जाएगी। अष्टमी पर दोपहर को हवन-पूजन का कार्यक्रम होगा।

## खबर संक्षेप

### सुविधा पोर्टल पर प्रचार के लिए 73,000 आवेदन

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल को 73,000 से अधिक आवेदन मिले हैं। इनमें विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति मांगी गई है। इसमें मैदान बुक करने, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन जैसे अनुरोध शामिल हैं।




### उपराष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर में की पूजा-अर्चना

**गया।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बोधगया का दौरा किया और पवित्र मंदिर महाबोधि मंदिर में पूजा-अर्चना की। गया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने के तुरंत बाद, उपराष्ट्रपति सीधे 1500 साल पुराने महाबोधि मंदिर गए। हवाई अड्डे पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।



### लाठी-डंडों से पीटकर युवक की हत्या

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के गाजीपुर क्षेत्र में रविवार को एक युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। गाजीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर लोदियानी गांव में गेहूं की फसल की कटाई करते समय खेत में रामू हाड़ा (35) नामक युवक की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई है।



### प्रसिद्ध 'सिनेमैटोग्राफर' गंगू रामसे का निधन

**मुंबई।** प्रसिद्ध सिनेमैटोग्राफर एवं फिल्मकार गंगू रामसे का निधन हो गया है। वह 83 वर्ष के थे। उन्होंने रविवार सुबह यहां एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। गंगू रामसे 'रामसे ब्रदर्स' के सात लोगों में से एक थे, जिन्हें 'पुरानी हवेली' और 'तहखाना' जैसी मशहूर डरावनी फिल्मों के लिए जाना जाता है।



## मौसम के दो रंग...आंध्र प्रदेश में पारा 44 डिग्री पार, कुछ राज्यों में छिटपुट बारिश

# छत्तीसगढ़ समेत 15 राज्यों में बदली और बारिश, आठ में 'लू' का कहर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर

देश के कुछ राज्यों में शनिवार से मौसम में कुछ बदलाव आया है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश समेत देश के 14 राज्यों में रविवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिन छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में मौसम बदला रहेगा। मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी 7 से 10 अप्रैल तक ओले-बारिश का दौर रहेगा। 30 से 60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार में आंधी चलने का भी अनुमान है। इसके चलते मौसम वैज्ञानिकों ने रेड, ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है।

लद्दाख के चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 80 लोगों को सेना ने बचाया। सेना के लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने कहा कि आधी रात के ऑपरेशन को त्रिशूल डिवीजन के सैनिकों ने अंजाम दिया। लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में यह ऑपरेशन चलाया गया। इधर, मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मौसम के अनुमान को और बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। अगले पांच साल के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीक में काफी सुधार करेगा।

खास खबर

### लद्दाख के चांग ला दर्रे में सेना ने बर्फबारी के बीच 80 लोगों को बचाया



रायपुर में दिनभर छाए रहे बादल

*देश में मौसम के दो रंग दिखाई दे रहे हैं। अप्रैल में तेज गर्मी ने दस्तक दे दी है। रविवार को छत्तीसगढ़ समेत 15 राज्यों में बदली छाई रही और कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई, वहीं, करीब आठ राज्यों में लू का कहर जारी रहा। बताया जा रहा है बंगाल की खाड़ी से नमी के आगमन होने से बादल छाने की वजह से तापमान में गिरावट हुई है। छत्तीसगढ़ में भी इसका असर दिखाई दिया।*

#### इन राज्यों में गिरा तापमान

मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश दर्ज की गई।

### इधर, आकाशीय बिजली से दो किसानों की मौत

पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्से में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो किसानों की मौत हो गई। हुगली जिले के तारकेश्वर में आकशीय बिजली गिरने से 26 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब मृतक लक्ष्मण मलिक बारिश के बीच खेत में काम कर रहा था। उत्तर 24 परगना जिले के गायघाट में हुई एक अन्य घटना में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में काम कर रहे 38 वर्षीय नेपाल हलदर की मौत हो गई। राज्य के कई इलाकों में हुई बारिश से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

#### छग में दो दिन आंधी-बारिश के आसार

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में आंधी बारिश का मौसम रहने के आसार हैं। आठ अप्रैल को मध्य छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि, वज्रपात भी संभावना है। 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी। हल्की बारिश और बादल की स्थिति बने रहने की वजह से कड़ी धूप से अगले सप्ताह राहत रहने के आसार हैं।

#### यहां पारा 43 डिग्री के पार

देश के राज्यों गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लू का असर रहा। इन राज्यों का तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री तापमान आंध्र प्रदेश के नंदयाल में रिकॉर्ड किया गया।

## एक्सीडेंट में ब्रेनडेड युवक की किडनी और आंखों ने मरीजों को दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक्सीडेंट में ब्रेनडेड हुए युवक की किडनी और आंखें चार मरीजों को नया जीवन दे गईं। परिजनों की स्वीकृति के बाद उसकी एक किडनी एम्स और दूसरी बालाजी हास्पिटल के मरीज को प्रत्यारोपित की गई। आंखें एम्स में पंजीकृत मरीजों को ट्रांसप्लांट की जाएंगी।



जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय युवक को गंभीर अवस्था में 4 अप्रैल को एम्स लाया गया था। इस दौरान युवक के परिजनों के बारे में भी किसी तरह की जानकारी नहीं थी। दूसरे दिन परिजनों का पता चला और युवक का इलाज कर उसे स्वस्थ करने का भरसक प्रयास किया गया, मगर सफलता नहीं मिली। एम्स के चिकित्सकों की टीम ने विभिन्न प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उसे ब्रेनडेड घोषित कर दिया। इस दौरान युवक के परिजनों को कैडेवर डोनेशन के बारे में जानकारी दी गई तो उन्होंने युवक के अंगों को दान में देने की सहमति प्रदान की। रविवार को युवक की एक किडनी एम्स में इलाज करा रहे दुर्ग के 45 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपित की गई। मरीज की दोनों किडनियां खराब हो चुकी थीं और वह डायलिसिस पर था। इसी तरह दूसरी किडनी बालाजी हास्पिटल में भर्ती ओडिशा निवासी मरीज को ▶▶|शेष पेज 2 पर

**एम्स में कैडेवर डोनेशन, दुर्ग और ओडिशा के मरीजों को किडनी प्रत्यारोपित**

### बिलासपुर का निवासी था जीतेंद्र

जानकारी के अनुसार जो युवक रायपुर में हादसे का शिकार हुआ था, वह मूलतः बिलासपुर का रहने वाला था। युवक की पहचान जीतेंद्र सिंह मरावी के रूप में की गई है। युवक का लिवर खराब हो चुका था, इसलिए उसे किसी मरीज को प्रत्यारोपित नहीं किया जा सका।

#### किया प्रत्यारोपण

*ब्रेनडेड युवक से मिलीं किडनियां दो जरूरतमंद मरीजों को प्रत्यारोपित की गई हैं। कैडेवर डोनेशन की प्रक्रिया एम्स में पूरी की गई। - डॉ. विनीत जैन, अध्यक्ष, राज्य अंग एवं उतक प्रत्यारोपण संगठन*

## पीएम के रोड-शो में टूटा मंच, कई घायल



**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक पार्टियां अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार में जुटी हैं। इसी सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जबलपुर में रोड शो किया। इस दौरान गोरखपुर क्षेत्र में बनाए गए दो मंच टूट गए, जिससे मंच पर मौजूद लोग नीचे गिर पड़े। इस हादसे में लोगों के साथ कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।

## बंदूक लेकर सोते चल गई गोली, एसआई की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद में रविवार तड़के 49 वर्षीय पुलिसकर्मी की बंदूक से कथित रूप से अकस्मात गोली चल जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह पुलिसकर्मी यहां हुसैनीआलम थाना क्षेत्र की एक चौकी पर तैनात था और उसकी पहचान तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस के सशस्त्र रिजर्व उपनिरीक्षक के रूप में हुई है। यह पुलिसकर्मी राज्य के नगरकुरनूल जिले का रहने वाला था।

**गले में धंसी दो गोलियां**

### आत्महत्या या हादसा, होगी जांच

पुलिस के मुताबिक उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस बात की जांच चल रही है कि संबंधित पुलिसकर्मी ने आत्महत्या की या फिर बंदूक अकस्मात चल गयी। इस संबंध में संदिग्ध मौत का मामला दर्ज किया गया है।


ANNAPURNA FINANCE GROWING TOGETHER

MEGA RECRUITMENT DRIVE

300 VACANCIES

| Position | Qualification | Age | Experience | Monthly Salary (Including variable pay) |
|---|---|---|---|---|
| FIELD CREDIT OFFICER | 12th Pass | 18-28 years | Freshers can apply | ₹20,000 - ₹30,000 |
| DEVELOPMENT OFFICER | Graduation | 20-28 years | 1 Years of experience is preferred | ₹22,000 - ₹32,000 |
| ASST. BRANCH MANAGER | Graduation | 22-30 years | Minimum 2 Years of experience in MFI or BANK | ₹25,000 - ₹35,000 |
| BRANCH MANAGER | Graduation | 23-32 years | Minimum 4 Years of experience in MFI or BANK | ₹30,000 - ₹40,000 |

THE CANDIDATES WHO HAVE APPEARED THE FINAL PAPER CAN ALSO APPLY FOR THE POSITIONS

Walk-In Interview Schedule & Contact Details

9th & 10th April

| | | | |
|---|---|---|---|
| Ambikapur | 7477797704 | Pithora | 8959021547 |
| Bilaspur | 8770131561 | Raigarh | 7999598914 |
| Korba | 9644002270 | Jagdalpur | 9078085357 |
| Lelunga | 9439977933 | Balodabazar | 9644002399 |
| Manedragarh | 7328834688 | Bemetara | 9078076435 |
| Basna | 7354267076 | Bhilai | 7008450262 |
| Bhanupratappur | 9329222914 | Mungeli | 6264897909 |
| Dhamtari | 9669016003 | Raipur | 9124203113 |
| Kanker | 9304266543 | Jangir -Champa | 8109323245 |
| Mohla | 7008450262 | Rajnandangaon | 7328834684 |
| | | Sheoninarayan | 7735748285 |

EMPLOYEE BENEFITS
- PROVIDENT FUND & PENSION SCHEME
- PERFORMANCE BASED INCENTIVES
- REWARD & RECOGNITION
- GRATUITY & ESIC
- HEALTH & LIFE INSURANCE
- FUEL & MOBILE ALLOWANCE
- FREE ACCOMMODATION

SCAN THE QR CODE FOR LOCATION DETAILS

NOTE: NO FEES OR CHARGES ARE REQUIRED FOR SELECTION OF THE POST, SELECTION WILL BE DONE ON MERIT BASIS.


# मालखाने में 10 किलो भांग, नौ किलो गांजा चूहों ने किया नष्ट

एजेंसी ▶▶| धनबाद

झारखंड के धनबाद जिले के एक थाने में जब्त कर रखे गए 10 किलोग्राम भांग और नौ किलोग्राम गांजा को नष्ट करने का आरोप चूहों पर लगा है। संबंधित मामले से जुड़े एक वकील ने रविवार को बताया कि पुलिस ने मामले की जानकारी जिले की एक अदालत को दी। अदालत द्वारा राजगंज थाने के प्रभारी अधिकारी को छह साल पहले जब्त किए गए भांग और गांजा को पेश करने का निर्देश दिए जाने के बाद पुलिस ने शनिवार को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राम शर्मा को एक रिपोर्ट सौंपी। अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि चूहों ने थाने के मालखाने में रखे मादक पदार्थों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया था।

### अदालत में पुलिस ने किया बड़ा दावा



### झूठे मामले में फंसाने का आरोप

मामले में बचाव पक्ष के वकील अभय भट्ट ने बताया, जांच अधिकारी जयप्रकाश प्रसाद शनिवार को राजगंज पुलिस थाना प्रभारी के आवेदन के साथ अदालत में पेश हुए, जिसमें कहा गया कि चूहों ने सभी जब्त सामग्री को नष्ट कर दिया। भट्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि उनके मुवक्किल को झूठे मामलों में फंसाया गया, क्योंकि पुलिस जब्त की गई सामग्री प्रदर्शित करने में सक्षम नहीं हो सकी।

### क्या है मामला

राजगंज पुलिस ने 14 दिसंबर 2018 को 10 किलो भांग और नौ किलो गांजा जब्त करने के साथ शंभू प्रसाद अग्रवाल और उसके बेटे को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले के जांच अधिकारी जयप्रकाश प्रसाद को जब्त भांग और गांजा को छह अप्रैल को अदालत में पेश करने का आदेश दिया था।




# सोने की कीमत बढ़ी तो बदला ग्राहकों का तरीका, अब 10 के स्थान पर 6 से 8 ग्राम की खरीदी



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सोने और चांदी की कीमत ने ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि सराफा कारोबारी भी हैरान हैं। इतिहास में पहली बार सोना जहां 73 हजार के पार पहुंच गया है, वहीं चांदी भी 83 हजार की राह पर है। ऐसे में सोना खरीदने वाले ग्राहकों ने अपना तरीका बदला दिया है। अब ग्राहक 10 ग्राम के स्थान पर 6 से 8 ग्राम और 20 के स्थान पर 14 से 15 ग्राम की खरीदारी कर रहे हैं। इसी के साथ 20 और 22 कैरेट सोने के गहनों की डिमांड भी 20 फीसदी तक बढ़ गई है। देश के साथ प्रदेशभर में निवेश की बात करें तो निवेश के लिए ज्यादातर लोग सोने को ही ज्यादा बेहतर मानते हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि सोने की कीमत पिछले कुछ सालों से लगातार आसमान छू रही है। ऐसा बहुत कम होता है कि कीमत में कमी आती है। ताजा उदाहरण ही ले लें। सोना बीते साल धनतेरस में 63 हजार था, जो इस समय मात्र छह माह में ही करीब दस हजार रुपए बढ़ गया है। महज डेढ़ साल में इसकी कीमत 23 हजार तक बढ़ी है। 2022 में धनतेरस और पुष्य नक्षत्र के समय राजधानी रायपुर में सोने की कीमत 50200 रुपए थी, जो इस समय 73100 हो गई है, यानी कीमत में 22900 रुपए का इजाफा हुआ। एक माह में ही कीमत पांच हजार से ज्यादा बढ़ी है।

## कम ग्राम की खरीदी

राजधानी रायपुर के सराफा कारोबारी हरख मालू का कहना है, सोने की कीमत भले आसमान पर चली गई है, लेकिन बाजार पर इसका रत्तीभर भी असर नहीं पड़ा है। कारोबार पहले जितना ही हो रहा है। बस एक बात यही हुई है कि जिनको 24 कैरेट के सोने में निवेश करना रहता है, उनकी खरीदी का तरीका अब बदल गया है। किसी को अगर एक लाख रुपए का निवेश करना है तो एक लाख में जितने ग्राम सोने के सिक्के मिलते हैं, ले रहे हैं।

# इस वर्ष भी प्रारंभ नहीं हो सकी बाल वाटिका, जहां पायलेट प्रोजेक्ट, सिर्फ वहीं होंगे प्रवेश

## नर्सरी कक्षाओं की तर्ज पर शुरू किए जाने हैं केंद्रीय विद्यालयों में बाल वाटिका

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट हो गया है कि इस बार भी जिले में पायलट प्रोजेक्ट वाले स्कूलों को छोड़कर शेष स्कूलों में बाल वाटिका प्रारंभ नहीं होगी। रायपुर में तीन केंद्रीय विद्यालय हैं। इनमें से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 अर्थात डीडी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में बाल वाटिका बीते सत्र में प्रारंभ की गई थी। उस दौरान अन्य केंद्रीय विद्यालयों में भी सत्र 2024-25 से बाल वाटिक प्रारंभ करने की बात कही गई थी, लेकिन इस वर्ष भी यह योजना शुरू नहीं हो पाई है।

बाल वाटिका प्रारंभ किए जाने के पूर्व तक केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रारंभिक कक्षा पहली कक्षा थी। अब प्रवेश के लिए प्रारंभिक कक्ष बाल वाटिका हो गई है। शेष कक्षाओं में पिछली कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को ही दाखिला दिया जाता है। किसी विद्यार्थी द्वारा स्कूल छोड़ने के कारण सीट रिक्त होने की स्थिति में ही नवीन छात्रों को प्रवेश दिया जाता है।




राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पहली कक्षा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके पूर्व छात्रों को तीन वर्ष नर्सरी कक्षाओं में अध्ययन करना होगा। नर्सरी, पीपी-1 और पीपी-2 की तर्ज पर ही केवी में बाल वाटिका-1, 2 और 3 की शुरुआत की गई है। सत्र 2023-24 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसे देशभर के चुनिंदा विद्यालया में लागू किया गया। इनमें से एक डीडी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय भी रहा। सूत्रों के अनुसार, बजट संबंधित दिक्कतों के कारण इसे अन्य स्कूलों में प्रारंभ नहीं किया जा सका है।

### बच्चों के लिए विशेष कक्षाएं

बाल वाटिका के लिए स्कूलों को विशेष रूप से कक्षाएं आरक्षित रखनी होगी। इन कक्षाओं को बाल मनोविज्ञान के अनुसार डिजाइन किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए खिलौनों सहित ऐसी चीजें भी होंगी, जिनके माध्यम से वे खेल-खेल में चीजें सीख सकें। इसके अतिरिक्त कक्षा की दीवारों को भी इसी तर्ज पर सजाया जाना है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत कई तरह के बदलाव केवी में भी किए जा रहे हैं। इस कड़ी में सीट संख्या को पहले ही 40 से घटाकर 32 कर दिया गया है।

# चोरी के लोहे से कबाड़ी मालामाल, हर माह 40 करोड़ से ज्यादा का कारोबार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

चोरी के लोहे के साथ कबाड़ खरीदने वाले कबाड़ियों के खिलाफ नियमित कार्रवाई नहीं होने की वजह से शहर समेत जिले में कबाड़ी जाल बिछाकर बड़े पैमाने पर कारोबार कर रहे हैं। कबाड़ियों के ठिकानों पर पुलिस की नियमित जांच नहीं होने की वजह से भी कबाड़ी बेखौफ होकर चोरी के कबाड़ के साथ लोहा औने-पौने दाम में खरीदकर मालामाल हो रहे हैं। मंदिर हसौद के साथ धरसींवा, उरला, आमानाका, कबीर नगर इलाके में कई ऐसे कबाड़ी हैं, जो राज्य के दूसरे शहरों के अलावा पड़ोसी राज्य के कबाड़ियों से थोक के भाव में कबाड़ खरीदने का काम कर रहे हैं।

गौरतलब है कि एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार को अभियान चलाकर 44 कबाड़ियों के ठिकानों में दबिश देकर एक करोड़ रुपए के कबाड़ तथा 17 वाहन जब्त करने की कार्रवाई की है। इनमें से कई कबाड़ियों के खिलाफ पुलिस ने चोरी के माल खरीदने के साथ गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज किया है। जानकारों के मुताबिक पुलिस कार्रवाई के बाद कबाड़ी कुछ दिनों तक शांत रहेंगे, इसके बाद पुनः पुराने ढर्रे पर चोरी के कबाड़ के साथ लोहा खरीदी में जुट जाएंगे। एक कबाड़ी ने नाम न छापने की शर्त पर



बताया कि छोटे कबाड़ियों को कबाड़ खरीदी करने बड़े कारोबारी आर्थिक मदद देते हैं। बड़े कबाड़ी छोटे कबाड़ियों को कबाड़ खरीदने एडवांस में रकम देते हैं। बड़े कबाड़ियों से मिले पैसों में से कुछ रकम से छोटे कबाड़ी फेरी लगाकर कबाड़ खरीदने काम करते हैं। इस तरह के कबाड़ियों का एक बड़ा नेटवर्क कबाड़ खरीदने के धंधे में जुटा हुआ है।

लार्ज स्केल पर कबाड़ का काम करने वाले ज्यादातर बड़े कबाड़ियों ने अपना ठिकाना आउटर में बनाया है। आउटर में ठिकाना होने की वजह से इन पर पुलिस की नजर नहीं पड़ती। इसके अलावा बड़े कबाड़ी लोहा उद्योग के आसपास अपना ठिकाना बनाकर कबाड़ खरीदने का काम करते हैं। यहां से उन्हें कबाड़ निकालने में सहूलियत होती है। अनुमान के मुताबिक छोटे कबाड़ी हर माह चार से पांच लाख रुपए कबाड़ का काम कर लेते हैं, जबकि बड़े कबाड़ियों का टर्नओवर 20 से 25 करोड़ रुपए का है। जिले में छोटे-बड़े मिलाकर साढ़े चार सौ के करीब कबाड़ी हैं। इनमें से सौ बड़े तथा साढ़े तीन सौ के करीब छोटे कबाड़ी हैं। छोटे-बड़े कबाड़ियों का हर माह टर्नओवर 40 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक कबाड़ का काम करने वाले ज्यादातर बड़े कबाड़ी मौदहापारा, विधानसभा, उरला, खमतराई, धरसींवा, आमानाका, मंदिर हसौद, तिल्दा इलाके में किराए पर यार्ड लेकर कारोबार संचालित कर रहे हैं। एसएसपी ने सभी थानों के टीआई को चोरी के कबाड़ खरीदने वालों को चिन्हांकित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### जारी रहेगी कार्रवाई

कबाड़ की आड़ में सरकारी संपत्ति, रेलवे ट्रैक के लोहे के साथ चोरी का लोहा, वाहन काटकर खरीदी-बिक्री करने वाले कबाड़ियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। शनिवार को जिन कबाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें से कई कबाड़ियों के ठिकानों से सरकारी संपत्ति के साथ रेलवे ट्रैक का टुकड़ा जब्त किया गया है।

\- **संतोष सिंह**, एसएसपी रायपुर

# राशनकार्ड हितग्राहियों के खाद्यान्न की पात्रता में बदलाव नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

पूर्व सरकार के मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राथमिकता राशन कार्डधारियों की मासिक खाद्यान्न पात्रता 7 किलो से घटाकर 5 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह किए जाने संबंधी जानकारी सोशल मीडिया के जरिये दी गई है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा जारी नवीन राशनकार्ड के अंतिम पृष्ठ पर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा प्राथमिकता राशन कार्डधारियों के लिए निर्धारित मासिक खाद्यान्न पात्रता 5 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह की जानकारी प्रदर्शित की गई है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के वर्ष 2013 से लागू होने के बाद आज तक यथावत बनी हुई है।

राज्य में पीडीएस के अंतर्गत प्राथमिकता राशन कार्डधारियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार से प्राप्त चावल में राज्य के अतिरिक्त आवंटन को जोड़कर एक सदस्य वाले कार्डधारी को 10 किलो, 2 सदस्य वाले कार्डधारी को 20 किलो, 3 से 5 सदस्य वाले कार्डधारी को 35 किलो तथा 5 से अधिक सदस्य वाले प्राथमिकता कार्डधारी को 7 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह निशुल्क चावल वितरण किया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा प्राथमिकता राशन कार्डधारियों के लिए खाद्यान्न की पात्रता में वर्तमान में कोई बदलाव या कमी नहीं की गई है तथा सभी प्राथमिकता राशन कार्डधारियों को उपरोक्त पात्रतानुसार निशुल्क चावल का वितरण उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस...

और लड़वाने में अंतर यह होता है कि लड़वाते हैं तो रणनीति बनाते हैं, लेकिन जब लड़ते हैं तो उसके लिए एक योद्धा के रूप में भी मैदान में उतरना रहता है। अब रणनीति भी बना रहे हैं और एक योद्धा के रूप में भी मैदान में हैं।

0 कांग्रेस के विकास उपाध्याय मैदान में हैं, ये क्या आपकी पसंद है?

00 लोग ऐसा सोचते हैं कि मैं कुछ तय करवाता हूं तो यह लोगों का प्रेम है। कोई भी प्रत्याशी हो, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मैं तो कांग्रेस पार्टी को चुनौती मानकर चुनाव लड़ता हूं। मुझे लगता है कि कांग्रेस में भगदड़ मची हुई है। कांग्रेस में कोई लोकसभा का चुनाव लड़ना नहीं चाहता है। पार्टी छत्तीसगढ़ में अपनी डूबती नैया को बचाने के लिए सबको जबर्दस्ती चुनाव लड़वा रही है। मेरी जानकारी में न तो भूपेश बघेल, न ताम्रध्वज साहू और न ही विकास उपाध्याय चुनाव लड़ना चाहते थे। पार्टी ने इन पर चुनाव थोपा है।

0 प्रत्याशी बनने से कितना नुकसान हुआ है, पहले आप सभी लोकसभाओं में प्रचार करने जाते थे?

00 अभी भी वही स्थिति है, आने वाले समय में मुझे चुनाव प्रचार करने जाना है, पार्टी ने आग्रह किया है। जितने सक्रिय अपनी लोकसभा में रहेंगे, उतने ही दूसरी लोकसभा में भी रहेंगे।

0 आपको क्या लगता है कि दिल्ली जाएंगे तो सिर्फ सांसद ही रहेंगे?

00 अब मैं कुछ नहीं सोचता, जो भी फैसला करेगी, पार्टी ही करेगी। मैंने कभी कुछ मांगा नहीं है।

0 इस दौर की भाजपा में कितना मुश्किल होती है आप जैसे नेता को?

00 समय के साथ परिवर्तन हो रहा है। यह पीढ़ियों का परिवर्तन है। मैं जिनके पिताजी की शादी में गया हूं, उनके बच्चों की शादी में जा रहा हूं। समय के साथ-साथ आपको भी परिवर्तित होना पड़ेगा। अटल बिहारी वाजपेयी के बाद देश को नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा नेतृत्व मिला है, जो देश को उन्नति और शिखर पर ले जाने का काम कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की टीम ने देश के इतिहास में कई ऐतिहासिक फैसले किए हैं।

0 कितना हवा हवाई लगता है, अबकी बार 400 पार?

00 राजनीति में हवा-हवाई कुछ नहीं होता है। राजनीति में लक्ष्य बड़ा रखना पड़ता है, जब बड़ा करते हैं। ऐसा करने से ही लक्ष्य तक पहुंच पाते हैं।

0 कांग्रेस के बारे में क्या सोचते हैं?

00 कांग्रेस छत्तीसगढ़ में समाप्ति की तरफ है, देश में भी डूबता जहाज है। जिस तरह से लाखों की संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता, सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के विधायक और सांसद पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं, उससे लगता है कांग्रेस में अब नेतृत्व नहीं है।

0 शिक्षा मंत्री के रूप में जो घोषणाएं की हैं, उनका क्या होगा?

00 मैं चाहे केंद्र में सांसद रहूं या मंत्री रहूं। यहां पर मैंने जो भी घोषणाएं शिक्षा मंत्री के रूप में की हैं, उन सबको पूरा किया जाएगा।

0 सांसद बन जाएंगे तो रायपुर के लिए क्या करेंगे?

00 15 सालों में भाजपा की सरकार में हमने रायपुर की पूरी तस्वीर बदलने का काम किया है। आने वाले समय में यहां पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थान, अस्पताल लाने का काम होगा। एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय सेवाओं से जोड़ेंगे। जो भी राष्ट्रीय संस्थान यहां पर नहीं हैं, उनको लाने का काम करेंगे।

### एनआईए टीम...

प्राथमिकी दर्ज की है। हम शिकायत पर गौर कर रहे हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) शिकायत में जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर भूपतिनगर में ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया। एनआईए ने कहा कि भूपतिनगर में हुए हमले में उसका एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ था।

### पीएम मोदी की...

सभा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष विमान से सोमवार को जगदलपुर पहुंचेंगे। विमानतल से हेलीकॉप्टर द्वारा वे सभा के लिए रवाना होंगे। सभा लेने के बाद वे वापस जगदलपुर आकर वापस जाएंगे। सभा में मुख्यमंत्री और प्रदेश के मंत्रियों के अलावा बस्तर संभाग के सभी विधायक, बस्तर और कांकेर के लोकसभा के प्रत्याशी, सांसद, पूर्व सांसद, लोकसभाओं के प्रभारी, संयोजकों के साथ भाजपा के सभी जिलाध्यक्ष, प्रदेश और जिलों के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

### हर संभाग में...

भी मिल जाएगी। प्रदेश भाजपा संगठन ने पीएमओ से पांच सभाओं के लिए मंजूरी मांगी है। भाजपा की रणनीति हर संभाग में एक-एक सभा कराने की है।

### एंबुलेंस में छिपाकर...

एचडी 7836 को रोका तथा सवारों सागर चौहान (24), निवासी चन्द्रनगर वार्ड नं.11 हनुमान मंदिर के पीछे कोहका थाना कुम्हारी जिला दुर्ग, वकील कुमार गौतम (31), निवासी धनावर थाना लालगंज जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश से पूछताछ की तो वे घबरा गए तथा गुमराह करने का प्रयास करने लगे। इस पर पुलिस ने एंबुलेंस की जांच की तो पीछे 24 प्लास्टिक बोरी में 752 पैकेट में बंधा अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। गांजा का तौल कराया गया, जिसमें एम्बुलेंस से कुल 7 क्विंटल 52 किलोग्राम गांजा मिला। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 2 करोड़ 25 लाख 60 हजार रुपए आंका गया है। जांच के दौरान वाहन से दो नंबर प्लेट, जिसमें एमएच 43 बीएक्स 5728 भी जब्त किया गया है। थाना भाटापारा ग्रामीण में आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। **वाहन मालिक की जुटाई जा रही जानकारी-** एंबुलेंस वाहन हेमंत सिंह निवासी नवी मुंबई के नाम पर दर्ज है। जिसके द्वारा शिवशंकर नामक व्यक्ति के माध्यम से एंबुलेंस वाहन को दिल्ली निवासी अंकित को बिक्री करना बताया गया है। अभी तक वाहन स्वामी का नाम ट्रांसफर नहीं हुआ है। प्रकरण में एंबुलेंस स्वामी हेमंत सिंह, अब्दुल अंसारी, निवासी मिशन रोड, कोरबा एवं भिलाई निवासी प्रतीक की पतासाजी जारी है।

### साल में सिर्फ...

की रीतियों को निभाते हैं। महिलाओं के लिए इस मंदिर का प्रसाद खाना भी वर्जित है। कहते हैं कि महिलाएं अगर मंदिर का प्रसाद खा लें तो उनके साथ कुछ न कुछ अनहोनी हो जाती है। निरई माता मंदिर जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर धमतरी के अंतर्गत मोहेरा गांव के पहाड़ी पर स्थित है। निरई माता के मंदिर में सिंदूर, सुहाग, श्रृंगार, कुमकुम, गुलाल, बंदन नहीं चढ़ाया जाता, बल्कि नारियल और अगरबत्ती से माता को प्रसन्न किया जाता है। आमतौर पर मंदिरों में जहां दिन भर देवी-देवताओं की पूजा होती है, तो वहीं निरई माता के मंदिर में केवल 5 घंटे ही यानी सुबह 4 बजे से 9 बजे तक माता के दर्शन किए जा सकते हैं। बाकी दिनों में यहां आना प्रतिबंधित होता है। जब भी यह मंदिर खुलता है, यहां माता के दर्शन के लिए हजारों लोग पहुंचते हैं।

### साल में सिर्फ...

हर साल चैत्र नवरात्रि में पहले रविवार को माता निरई में जात्रा लगता है। साल दर साल भक्तो की संख्या बढ़ते जा रही है। आगामी रविवार को हजारों भक्त माता के जात्रा में शामिल होंगे। निरई माता मंदिर आने के लिए रायपुर से गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग पर बारुका-मोहेरा पुल से होकर आना होगा।

### मां विंध्यवासिनी के...

के श्रद्धालु ने 832 नम्बर की ज्योति के लिए पंजीयन करवाया है। उल्लेखनीय है कि अब तक माता विंध्यवासिनी के मंदिर में 1127 ज्योतिकलश के लिए पंजीयन हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 8 अप्रैल रात 11 बजे तक है। इसी प्रकार गंगरेल के किनारे स्थित आदिशक्ति मां अंगारमोती के मंदिर में 1600 तेल और 658 घी के ज्योतिकलश के लिए पंजीयन हो चुका है। पंजीयन अभी भी जारी है।

### एक्सीडेंट में ब्रेनडेड...

ट्रांसप्लांट की गई। युवक की आंखें एम्स में पंजीकृत मरीजों को प्रत्यारोपित की जाएंगी। चार माह बाद अंगदान- राज्य में इसके पूर्व 19 दिसंबर को भानुप्रतापपुर के एक ब्रेनडेड मरीज ने अंगदान किया था। राज्य में अब तक कैडेवर डोनर्स की संख्या 7 हो चुकी है। राज्य में ब्रेनडेड होने के बाद अंगदान की शुरुआत राजधानी के टाटीबंध इलाके में रहने वाले एक परिवार ने की थी। इसके बाद अन्य जिलों में रहने वालों ने भी इस महादान में भागीदारी निभाई।

# वेदांता में ब्लैकरॉक और एडीएआई ने बढ़ाई अपनी हिस्सेदारी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकरॉक के साथ ही अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (एडीआईए), और घरेलू म्यूचुअल फंडों में आईसीआईसीआई म्यूचुअल फंड तथा निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ने पिछले चार महीनों में वेदांता में अपनी हिस्सेदारी करीब दो प्रतिशत बढ़ाई है। बाजार प्रतिभागियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने वेदांता ग्रुप में अपनी हिस्सेदारी 1.2 प्रतिशत बढ़ा दी। विभाजन योजनाओं, कर्ज कम करने की कोशिश और धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण वेदांता के शेयर हाल में तेजी से चढ़े हैं। ऐसे में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फंडों की दिलचस्पी भी इसकी ओर बढ़ी है। ब्लैकरॉक इंक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे ताकतवर इंसान माना जाता है। इसकी वजह ब्लैकरॉक दुनिया में 10 ट्रिलियन डॉलर का एसेट मैनेज करती है। भारत की जीडीपी का करीब ढाई गुना और अमेरिका की जीडीपी का आधा है।

### ब्लैकरॉक की हैसियत

चीन कई धातुओं का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, इसलिए मजबूत आर्थिक आंकड़ों के कारण वेदांता जैसे धातु शेयरों में तेजी आई है। वेदांता लौह अयस्क, इस्पात, तांबा और एल्यूमीनियम की एक प्रमुख उत्पादक और आपूर्तिकर्ता है। कंपनी के शेयरों में हाल में आई तेजी कंपनी की समग्र व्यावसायिक क्षमता और ईबीआईटीडीए अनुमानों को दर्शाती है। वेदांता के वित्त वर्ष 2024 में लगभग 5 अरब डॉलर का ईबीआईटीडीए होने का अनुमान जताया है। अगले वित्तीय वर्ष में इसके 6 अरब डॉलर और फिर 7-7.5 अरब डॉलर कर रहा है। एक विदेशी ब्रोकरेज हाउस के डीलर के अनुसार वेदांता में खरीदारी में काफी रुचि देखी गई है। कई विदेशी और घरेलू निवेशकों ने मजबूत बुनियाद के कारण अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। इसके चलते दिसंबर के बाद से वेदांता का बाजार पूंजीकरण लगभग तीन अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ा है। वेदांता लिमिटेड के शेयर पांच अप्रैल को तीन फीसदी से अधिक तेजी के साथ 322 रुपये पर पहुंच गया।

## राशिफल

**मेष** — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष** — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।


## शब्द पहेली - 5475



*बाएँ से दाए*
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

*ऊपर से नीचे*
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5474 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5486

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5485 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |


MARUTI SUZUKI ARENA
DZIRE
बढें एक नई दुनिया की ओर
DZIRE
दी स्ट्राइकिंगली, बोल्ड फ्रंट फेसिया
स्टाइलिश एण्ड स्पेशियस इंटीरीयर
क्रूज़ कंट्रोल
BEST IN CLASS MILEAGE**
MANUAL 22.41# km/l
AUTOMATIC^ 22.61# km/l
एडवांस के सीरीज पेट्रोल इंजन
100%^^ ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
BENEFITS UP TO ₹35 000*
DZIRE
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
महामाया ऑटोकार्स प्रा.लि.
अम्बिकापुर: 9516609614, 9516609603. मनेन्द्रगढ़: 9516609622.
बैकुंठपुर: 9516609608. पत्थलगांव: 9516609616. सूरजपुर: 9516609607.
सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
बिलासपुर: पुराना बस स्टैण्ड, 70898 88881. मुंगेली: 95222 00991. कोरबा: 70898 88882.
जाजगीर: 95222 00990. कटघोरा: 76939 41111. सक्ती: 95222 00997. रायगढ़: 70898–88883.
सारगंढ़: 95222 00993. खरसिया: 95222 00994. शिवरीनारायण: 7692031111.
एम स्क्वायर मोटर्स
बिलासपुर: ट्रांसपोर्ट नगर, परसदा
62626 22502, 62626 22503, 62626 22506. पेंड्रा: 6262622509.
अकलतरा: 6262622512. घरघोड़ा: 62690 02112/62626 22511.
*Offer includes consumer offer, exchange bonus, institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. ^^Up to 100% on road funding is provided by select financiers only. *^^Terms and conditions apply. Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. **As per SIAM. #As certified by Test agency under Rule 115(G) of CMVR 1989. ^Auto Gear Shift. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 30th April, 2024.

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजवेंद्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

### बाउंड्री मीटर

585 चौके

365 छक्के

### खबर संक्षेप




### अमेरिका में जोर पकड़ रहा है क्रिकेट पर्यटन

**वाशिंगटन।** भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट के दीवाने देशों की बड़ी प्रवासी आबादी की उपस्थिति ने ऐसा लगता है कि अमेरिका में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र का एक नया आयाम खोल दिया है। बिहार के भारत-अमेरिकी दंपत्ति द्वारा स्थापित फ्लोरिडा स्थित क्रिकेटबस्टर भारतीय-अमेरिकी और क्रिकेट खेलने वाले देशों के लोगों के बीच इस 'क्रिकेट की दीवानगी' को भुनाने की कोशिश कर रहा है। कंपनी लोगों को अनुकूल यात्रा पैकेज की पेशकश कर रही है जिसमें आधिकारिक मैच टिकट, होटल, उड़ानें, क्रूज और अंतरराट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट और दुनिया की टी20 लीग के कई अन्य आकर्षण शामिल हैं।

### फॉर्म और आत्मविश्वास के लिए जूझ रहे बल्लेबाज

**जयपुर।** मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपनी टीम की पांच मैच में चौथी हार के बाद कहा कि विराट कोहली की शानदार फॉर्म के बावजूद रॉयल चैलेंजर बेंगलोर के बल्लेबाज 'फॉर्म और आत्मविश्वास' को लेकर जूझ रहे हैं। कोहली (113) के शानदार शतक के बावजूद आरसीबी तीन विकेट पर 183 रन ही बना सका जिसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने जोस बटलर की 58 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी की बदौलत जीत दर्ज की।



### पाक टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमशः अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं।



### कोहली की काम के प्रति ईमानदारी अतुलनीय

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी इकाई के पूर्व प्रमुख नीरज कुमार ने इस शक्तिशाली क्रिकेट बोर्ड में अपने कार्यकाल के दौरान सुपरस्टार विराट कोहली की काम के प्रति ईमानदारी को 'अतुलनीय' पाया। दिल्ली के पूर्व पुलिस आयुक्त नीरज ने 2015 से 2018 के बीच बीसीसीआई के साथ काम किया।

# एथलेटिक बिलबाओ 23वें बार बना कोपा डेल रे चैंपियन

एजेंसी ⏭ सेविले

- पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराया
- नियमित और अतिरिक्त समय में 1-1 रहा स्कोर
- चार दशक बाद जीता टूर्नामेंट का खिताब

एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा।

बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने पेनल्टी शूट आउट में गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोलनिस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा।




### 1984 में जीता था पिछला खिताब

नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टीम को इसके बाद छह बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

### *शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर*

*लंदन। लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। 76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है। खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर ब्रैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।*

## आईपीएल : पांच बार के चैंपियन ने तीन मैचों के बाद खोला खाता

# मुंबई की पहली जीत, दिल्ली की चौथी हार, शेफर्ड ने 10 गेंद पर ठोके 39 रन

एजेंसी ⏭ मुंबई

रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी और अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से मुंबई इंडियंस ने रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 205 रन ही बना पाई। मुंबई की तीन हार के बाद यह पहली जीत है जबकि दिल्ली को पांच मैच में चौथी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गई है।

रोहित शर्मा (49 रन) और ईशान किशन (42 रन) ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (नाबाद 45 रन), कप्तान हार्दिक पंड्या (39 रन) और शेफर्ड ने अच्छी तरह से जिम्मेदारी संभाली। पृथ्वी साव (66 रन) और अभिषेक पोरेल (31 गेंद पर 41 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी करके दिल्ली को शुरुआती झटके से उबारा। ट्रिस्टन स्टब्स ने 27 गेंद पर तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 71 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन बड़े लक्ष्य के दबाव में अन्य बल्लेबाज नहीं चल पाए।



### सूर्यकुमार वापसी में फेल

सूर्यकुमार यादव अपने कमबैक मैच में बल्ले से एक भी रन नहीं बना सके। सूर्या 2 गेंद पर ही तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया का शिकार बने। सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। विश्व के नंबर 1 टी20 बैटर सूर्या पूरी तरह से फिट नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने आईपीएल 2024 में शुरुआती मैच मिस करे। वापसी में बल्ले से फ्लॉप होने के बाद सूर्यकुमार यादव को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

### सर्वाधिक 200+ टोटल

| रिकॉर्ड बार | टीम |
|---|---|
| 29 | सीएसके |
| 24 | आरसीबी |
| 24 | एमआई |
| 22 | पीबीकेएस |
| 21 | केकेआर |

### *पंड्या की नहीं हुई हूटिंग*

*हार्दिक पंड्या ने आखिरकार कुछ राहत की सांस ली क्योंकि मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए सभी के लिए शिक्षा और खेल दिवस पर खेला जा रहा है जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे और स्टैंड पर सिर्फ घरेलू टीम को 'चीयर' करने के लिए शोर सुनाई दे रहा था। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था।*

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो पटेल | 49 | 27 | 6 | 3 |
| ईशान किशन का एवं बो पटेल | 42 | 23 | 4 | 2 |
| सूर्या का सब फ्रेजर बो नोर्किया | 00 | 02 | 0 | 0 |
| पंड्या का सब फ्रेजर बो नोर्किया | 39 | 33 | 3 | 1 |
| तिलक का पटेल बो अहमद | 06 | 05 | 1 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 45 | 21 | 2 | 4 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 39 | 10 | 3 | 4 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 234/5
गेंदबाजी : अहमद 4-0-39-1, ईशांत 3-0-40-0, रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर 4-0-35-2, ललित 1-0-15-0, नोर्किया 4-0-65-2.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव बो बुमराह | 66 | 40 | 8 | 3 |
| वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड | 10 | 08 | 1 | 1 |
| अभिषेक का डेविड बो बुमराह | 41 | 31 | 5 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 71 | 25 | 3 | 7 |
| पंत का पंड्या बो कोएत्जी | 01 | 03 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 08 | 07 | 1 | 0 |
| ललित का ईशान बो कोएत्जी | 03 | 04 | 0 | 0 |
| कुशाग्र का तिलक बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 205/8
गेंदबाजी : कोएत्जे 4-0-34-4, बुमराह 4-0-22-2, मधवाल 4-0-45-0, शेफर्ड 4-0-54-1, नबी 2-0-17-0, चावला 2-0-32-0.

खास खबर

# टियाफो और शेल्टन में होगा खिताबी मुकाबला




**ह्यूस्टन।** गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो और शीर्ष वरीय बेन शेल्टन ने शनिवार को यहां अपने अपने मुकाबले जीतकर अमेरिकी पुरुष क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के 21वें नंबर के खिलाड़ी टियाफो ने लुसियानो दारदेरी को 6-2, 7-6 से हराया। फाइनल में टियाफो की भिड़ंत अमेरिका के दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी शेल्टन से होगी। इक्कीस साल के शेल्टन ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए टॉम मार्टिन एचेवेरी को 6-7, 6-4, 6-4 से हराकर अपने करियर में दूसरी बार एटीपी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

### कोलिन्स ने दर्ज की लगातार 12वीं जीत




**चार्ल्सटन।** मियामी ओपन चैंपियन डेनियले कोलिन्स ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मारिया सकारी को सीधे सेट में हराकर लगातार दूसरे फाइनल में जगह बनाई। कोलिन्स ने सकारी को 6-3, 6-3 से हराया जो उनकी लगातार 12वीं जीत है। कोलिन्स रविवार को होने वाले फाइनल में दारिया कसात्किना से भिड़ेंगी जिन्होंने शीर्ष वरीय जेसिका पेगुला को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। कसात्किना ने टाईब्रेक में अंतिम आठ में से छह अंक जीतकर पेगुला को 6-4, 4-6, 7-6 (5) से शिकस्त दी।

# केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

एजेंसी ⏭ चेन्नई

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रवींद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी।



### रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय

नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है।

### 33 रन से जीती लखनऊ सुपर जायंट्स

**लखनऊ।** एलएसजी की लगातार तीसरी जीत, स्टोइनिस की फिफ्टी, ठाकुर चमके लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गुजरात टाइटन्स को 33 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने मार्कस स्टोइनिस के 58 रन के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन का स्कोर बनाकर गेंदबाजों की बदौलत इस छोटे से लक्ष्य का बचाव भी किया। गुजरात टाइटन्स टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गई। एलएसजी के लिए यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में एक मेडन से 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए जबकि क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन विकेट झटके।

# भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से 2-4 से हारी, श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ी

एजेंसी ⏭ पर्थ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गई। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी। लेकिन तीसरे क्वार्टर में खराब रक्षण का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा क्योंकि मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। आस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड



(छठे और 34वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया जबकि जैकब एंडरसन (42वें मिनट) और नाथन (45वें) ने मैदानी गोल दागे। भारत के लिए जुगराज सिंह (नौवें मिनट) और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30वें मिनट) ने पेनल्टी कार्नर पर गोल किए।

## कैंडिडेट्स शतरंज : महिला वर्ग में निकला सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा

# प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया, वैशाली ने दर्ज की जीत

एजेंसी ⏭ टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में सिर्फ इसी मुकाबले का नतीजा निकला। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य अमेरिकी हिकारू नाकामूरा को अजरबेजान के निजात अबासोव से ड्रॉ खेलने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।



महिला वर्ग में भारत की कोनेरू हंपी ने सफेद मोहरों से खेलते हुए चीन की टैन झोंगयी को बराबरी पर रोका। चीन की ही टिंगजी लेइ ने रूस की एलेक्सांद्रा गोरयाचकिना से अंक बांटे। रूस की कैटरीना लेगनो और यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक की बाजी भी बराबरी पर छूटी। पुरुष और महिला वर्ग दोनों में आठ-आठ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट में अभी 11 दौर का खेल बाकी है।

### कारुआना, गुकेश और नेपोमनियाची शीर्ष पर

पुरुष वर्ग में कारुआना, गुकेश और नेपोमनियाची दो अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। इनके बाद विदित और प्रज्ञानानंदा को नंबर आता है। इन दोनों के समान डेढ़ अंक हैं। इन दोनों से आधा अंक पीछे नाकामूरा, अलीरेजा और अबासोव हैं। महिला वर्ग में झोंगयी ढाई अंक के साथ सबसे आगे चल रही हैं। उन्होंने गोरयाचकिना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है। हंपी, वैशाली और लेगनो समान डेढ़ अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। लेइ, मुजिचुक और सेलिमोवा एक अंक के साथ संयुक्त रूप से छठे पायदान पर हैं।

### श्रीकांत से बहुत उम्मीद है उनका सर्वश्रेष्ठ आना बाकी

**चेन्नई।** कोच पारुपल्ली कश्यप को लगता है कि किदांबी श्रीकांत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है और उन्हें उम्मीद है कि अपनी फिटनेस और खेल पर काम करने के बाद वह इस सत्र में कुछ अच्छे नतीजे हासिल करेंगे। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ समय से फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस 31 साल के खिलाड़ी ने 2017 में चार सुपर सीरीज खिताब जीते थे। विश्व चैम्पियनशिप 2021 में रजत पदक जीतने वाले श्रीकांत ने मार्च में स्विस ओपन सुपर 300 में सेमीफाइनल में पहुंचकर वापसी के संकेत दिए।

**एनएमडीसी स्टील लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पोस्ट : नगरनार, जिला-बस्तर (छत्तीसगढ)-494341.
(सीआईएन- U27310CT2015GOI001618)

निविदा पुछताछ सं. एनएसएल (संविदा)/एलबीपी/2023/01 दिनांक : **08-04-2024**

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, भारत सरकार, इसपात मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है जो नगरनार में एनएसएल इस्पात संयंत्र के लिए बीओओटी आधार पर कवर्ड शेड के निर्माण तथा बीओओ आधार पर 5 वर्ष के लिए प्रचालन एवं रखरखाव के साथ चूना ब्रिकेटिंग संयंत्र की स्थापना के लिए अनुभवी धरेलू बोलीदाताओं से निविदाएं आमंत्रित करती है।

विस्तृत एनआईटी एवं बोली कागजात निम्नंकित वेबसाइटों लिंकों पर **08-04-2024** से **29-04-2024** तक अवलोकन तथा/अथवा डाउन लोड किए जा सकते हैं :

1. एनएमडीसी वेबसाइट-https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल) https://www.eprocure.gov.in/epublish/app तथा निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा सर्च करें।

बोलियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय **29-04-2024** को **15.00** बजे तक है।

बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी मूल बोलियां निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी) में दिए गए विवरण के अनुसार प्रस्तुत करें। शुद्धिपत्र, भविष्य में यदि कोई हो, के लिए बोलीकर्ताओं को नियमित आधार पर एनएमडीसी के वेब साइट/सीपीपी पोर्टल देखना अपेक्षित है।

अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए उप महाप्रबंधक (संविदा), एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, नगरनार से इमेल : nslcontracts@nmdc.co.in द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

उप महाप्रबंधक (संविदा)







हाईकोर्ट ने प्राथमिक कक्षा में बीएड के स्थान पर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्त करने दिया है आदेश

# बीएड मामले में सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में सरकार, राजस्थान पर फैसले का इंतजार

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्राथमिक कक्षाओं में बीएड की जगह डीएलड शिक्षकों को नियुक्त किए जाने संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के बाद शासन अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है। छग की ही तरह राजस्थान हाईकोर्ट ने भी प्राथमिक कक्षाओं में बीएड के स्थान पर डीएलएड शिक्षकों को नियुक्त करने आदेश दिया था। इसके विरोध में राजस्थान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। छग सरकार अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रही है। राजस्थान तक तर्ज पर छग सरकार भी सुप्रीम कोर्ट का जा सकती है।

हाईकोर्ट ने बीएड शिक्षकों की नियुक्ति को नियमविरूद्ध बताते हुए 6 सप्ताह के भीतर डीएलएड डिग्रीधारी शिक्षकों की चयन सूची जारी करने कहा है। यदि राजस्थान संबंधित केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला 6 सप्ताह के भीतर नहीं आता है तो छग सरकार इसके पूर्व भी कोर्ट में याचिका दायर कर सकती है।

इधर सैकड़ों की संख्या में बीएड शिक्षकों ने रविवार को शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने बातया, लगभग 3500 सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में है। एनसीटीई के गाइडलाइन के अनुसार बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी सहायक शिक्षक के पद हेतु पात्र थे। शिक्षक भर्ती के नोटिफिकेशन में डीएलएड के साथ बीएड प्रशिक्षार्थी को पात्र माना गया था। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय महासचिव आयुष पिल्ले, प्रांतीय प्रचार सचिव गंगेस्वर सिंह उइके, सुखनंदन साहू सहित पदाधिकारी शामिल रहे।

### सैकड़ों की संख्या में मंत्री से मिले पीड़ित, कहा- विज्ञापन में नहीं था इसका जिक्र

### अन्य मामला न्यायालयाधीन



इससे संबंधित एक अन्य मामला सुप्रीम कोर्ट में है। हम उस पर फैसले की प्रतिक्षा कर रहे हैं।

**- बृजमोहन अग्रवाल,** स्कूल शिक्षा मंत्री

### ब्रिज कोर्स का विकल्प

सहायक शिक्षकों ने ब्रिज कोर्स करवाकर उनकी नियुक्ति नियमित करने की मांग की है। इसके पूर्व भी सेवारत शिक्षकों को ब्रिजकोर्स करवाया जा चुका है। इस कोर्स के जरिए सेवारत निजी और शासकीय विद्यालयों में सेवारत ऐसे शिक्षक, जिनके पास बीएड अथवा डीएलएड कोई डिग्री नहीं थी, उन्हें डीएलएड का कोर्स ऑनलाइन मोड में करवाया गया था। शिक्षक संघ पुनः इस तरह का कोर्स करवाने तथा शिक्षकों की सेवाएं नियमित करने की मांग कर रहा है।

# चार नए मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद चिकित्सा छात्रों को होगा 200 सीटों का फायदा

कवर्धा, जांजगीर, मनेंद्रगढ़ और गीदम में 50-50 सीटों के कॉलेज

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राज्य में चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्रों को अगले साल 200 सीटों का फायदा होने की उम्मीद है। कवर्धा, जांजगीर, मनेंद्रगढ़ और गीदम में 50-50 सीटों के कॉलेज शुरू करने की तैयारी है। जिला अस्पतालों से संबंधित इन कॉलेजों के लिए भवन निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार में हर जिले में मेडिकल कॉलेज की योजना पर काम किया जा रहा है। इस दौर में यहां पिछले कुछ सालों में तीन नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए गए हैं। अगले साल चार अन्य जिलों कवर्धा, जांजगीर, मनेन्द्रगढ़ और गीदम में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू होने के आसार हैं। सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक कॉलेज के लिए भवन निर्माण सहित अन्य संसाधन जुटाने तीन सौ करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। काम की प्रगति की निगरानी के लिए चार सदस्यीय हाईपॉवर कमेटी भी गठित की जा चुकी है। नए कॉलेजों के भवन के लिए जिला प्रशासन की मदद से जमीन का चिन्हाकंन किया जा चुका है, जहां निर्माण के लिए आने वाले दिनों में टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी।

### चिन्हांकित स्थानों पर भवन निर्माण के लिए जल्द शुरू होगी प्रक्रिया




चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन कॉलेजों की शुरुआत 50-50 सीटों के साथ करने की योजना बनाई गई है और इसकी संबद्धता जिला अस्पतालों के साथ रहेगी।

### अभी दस शासकीय मेडिकल कॉलेज

राज्य में अभी 10 शासकीय मेडिकल कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है, जहां एमबीबीएस की 11 सौ से अधिक सीटें हैं। इसके अलावा साढ़े चार सौ सीटों के साथ तीन निजी मेडिकल कॉलेज भी संचालित हैं। शासकीय स्तर पर कॉलेजों की संख्या बढ़ने की वजह से चिकित्सा छात्रों के पास पढ़ाई के लिए बेहतर विकल्प होंगे।

### फैकल्टी बड़ी चुनौती

सूत्रों के अनुसार छात्रहित में चिकित्सा महाविद्यालयों के संख्या बढ़ाने जोर-शोर से काम किया जा रहा है, मगर इन कॉलेजों में फैकल्टी की सुविधा जुटाना बड़ी चुनौती है। राज्य के कई शासकीय मेडिकल कॉलेज इस समस्या से जूझ रहे हैं। शासन स्तर पर इस कमी को दूर करने के प्रयास किए जा रहे हैं,

# गर्मी में जंगल सफारी की टाइमिंग बदली, अब वन्यजीवों की अठखेलियां सुबह 7 बजे से देख सकेंगे पर्यटक

तेज गर्मी को देखते हुए जंगल सफारी खुलने और बंद करने के समय में बदलाव

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

गर्मी के मौसम को देखते हुए पर्यटकों के लिए जंगल सफारी में प्रवेश तथा निकासी के समय में परिवर्तन किया गया है। जंगल सफारी खुले रहने का समय पूर्व में 10 बजे से शाम 5 बजे तक था, अब उसमें परिवर्तन किया गया है। मंगलवार से जंगल सफारी सुबह 10 की बजाय सुबह 7 बजे ही खोल दिया जाएगा। शाम 4 बजे सफारी बंद करने प्रबंधन ने निर्णय लिया है।

गर्मी के दिनों में जंगल सफारी में शनिवार तथा रविवार को छोड़कर पर्यटकों की संख्या कम हो जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए सफारी प्रबंधन ने पर्यटकों को सफारी की ओर आकर्षित करने समय में परिवर्तन किया है। सफारी प्रबंधन के अनुसार सुबह के समय सफारी खोलने से पर्यटक आकर्षित होंगे। पूर्व में सफारी खोलने का समय सुबह 10 बजे होने की वजह से गर्मी के दिनों में सुबह 10 से 11 के बीच ही पर्यटक आते थे। इसके बाद दोपहर साढ़े तीन बजे पर्यटक पहुंचते थे। समय में परिवर्तन की वजह से सफारी प्रबंधन ने पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना व्यक्त की है।



जंगल सफारी में वर्तमान में 37 विभिन्न प्रजातियों के मांसाहारी, शाकाहारी वन्यजीव पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। इनमें स्तनधारी वन्यजीवों से लेकर सरीसृप शामिल हैं। सफारी में जहां लोग टाइगर, लॉयन तथा तेंदुआ की दहाड़ सुन रोमांचित होते हैं। वहीं बच्चे हिरण, चीतल को कुलांचे मारते देख खुश होते हैं। सफारी में कांच से घिरे बाड़े में सरीसृप पर्यटकों के मन में सिहरन और रोमांच पैदा कर देते हैं।

### मौसम को देखते हुए बदलाव

नंदनवन जंगल सफारी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, गर्मी को देखते हुए सफारी खोलने के समय में परिवर्तन किया गया है। प्रबंधन द्वारा वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

**- धम्मशील गणवीर,**
डायरेक्टर, जंगल सफारी

# मोदी मैजिक किताब को केंद्रीय मंत्री गोयल ने सराहा

### प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी चिमनानी ने लिखी है किताब

**रायपुर।** यूपीए और मोदी सरकार के कार्यों के तुलनात्मक आंकड़ों को दिखाती किताब मोदी मैजिक के लिए भारत सरकार में वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किताब के लेखक और भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी को बधाई दी है।

उन्होंने लिखा है, मैं आपकी पुस्तक मोदी मैजिक द स्टोरी ऑफ अनपैरेल्ड इंडिया थ्रू नंबर्स के विमोचन पर आपको हार्दिक बधाई देता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत की प्रगति की कहानी बताने के लिए तथ्यात्मक डेटा संकलित करने में आपका समर्पण और अति सावधानीपूर्वक प्रयास वास्तव में सराहनीय है। संख्यात्मक विश्लेषण के माध्यम से पिछले 10 वर्षों में सरकार की नीतियों और कार्यों के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करके, आपने प्रमुख क्षेत्रों में अंतर्दृष्टि प्रदान की है, जिससे सरकारी पहल आम लोगों के लिए अधिक सुलभ और समझने योग्य बन गई है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com